हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 8, अंकः 107, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 15 अक्टूबर, 2023 दिन रविवार गाजीपुर/वाराणसी

## सरकार के सहयोग से महिलाएं कुछ भी कर सकती हैं : योगी

### नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को समर्पित मिशन शक्ति के चौथे चरण का आगाज



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को अपने सरकारी आवास से नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को समर्पित मिशन शक्ति के चौथे चरण का आगाज महिला सशक्तिकरण रैली को रवाना कर किया, जो राजधानी के विभिन्न पड़ाव से होते हुए 1090 चौराहे पर समाप्त हुई। रैली के जरिये केंद्र और राज्य सरकार की ओर से महिलाओं-बेटियों के कल्याण के लिए संचालित योजनाओं से रूबरू कराया जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश में वर्ष 2020 में महिला संबंधी अपराधों को नियंत्रित करने के लिए एक कार्यक्रम शुरू किया गया, जिसकी थीम थी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन। तीन मुद्दों को लेकर शुरू हुआ कार्यक्रम आज मिशन शक्ति के नाम से जाना जाता है। इस कार्यक्रम ने प्रदेश में लोकप्रियता हासिल करने के साथ पूरे देश में महिला संबंधी अपराध को नियंत्रित करने और अपराधियों को सजा दिलाने वाले राज्यों में अग्रणी राज्य बन गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मिशन शक्ति की सफलता का ही परिणाम है कि भारत सरकार ने भी महिला सुरक्षा के लिए चलाए जाने वाले अभियान का नाम मिशन शक्ति रखा है, जो यह दशार्ता है कि जब कोई भी इनिशिएटिव समाज में व्यापक जागरूकता का बड़ा माध्यम बनता है तो उसे राष्ट्रव्यापी बनने में देर नहीं लगती है। मिशन शक्ति के इस चौथे चरण का भी यह उद्देश्य है। सीएम योगी ने कहा कि सरकार विभिन्न तरह के कार्यक्रम चलाती है, लेकिन जिनके लिए कार्यक्रम चलाया जा रहा है उन्हे इसकी जानकारी ही नहीं हो पाती। इसकी वजह से वह इसका लाभ नहीं उठा पाते। ऐसे में प्रदेश के सभी 75 जिलों के लिए जागरूकता रैली का शुभारंभ किया गया है। इसके बाद प्रदेश के हर जनपद के स्कूल, कॉलेज में प्रभात रैलियां निकाल जाएंगी। इसके अलावा उन जनपदों में महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन को लेकर अच्छा काम करने वालों को सम्मानित किया जाएगा। सीएम योगी ने कहा कि वहीं 15 अक्टूबर से हर शहर, गांव और नगर निकायों के वार्ड में केंद्र और राज्य सरकार की महिला संबंधी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। इस दौरान सरकार की ओर से महिलाओं और बेटियों की रक्षा से संबंधित उठाए गए विभिन्न मुद्दों से उन्हें अवगत कराया जाएगा। पहले प्रदेश में लोग महिलाओं के बारे में बोलते थे कि वह बहुत पढ़ी-लिखी नहीं है तो वह क्या काम कर पाएंगी, लेकिन हमारी सरकार ने इस धारण को बदला।

**महिलाओं को मिला आर्थिक सहयोग**- सीएम योगी ने कहा कि आज बीसी सखी, बैंकिंग कॉरेस्पोंडेंस सखी बन कर वह गांव में बैंक की कमी को पूरा कर रही हैं। इतना ही नहीं वह गांवों के लोगों की विपत्ति के समय में मदद भी कर रहीं हैं। इन महिलाओं को सरकार की ओर से छह माह का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान सरकार ने मानदेय भी दिया। इनमें सबसे कम 25 हजार रुपये और सबसे अधिक सवा से डेढ़ लाख तक महिलाएं कमा रहीं हैं। इस प्रयास को और आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। सीएम योगी ने कहा कि इससे पहले वर्ष 2019 में तीसरी और पांचवीं पास महज पांच से सात महिलाओं का सपोर्ट करते हुए सरकार ने बलिनी मिल्क प्रोड्यूसर की स्थापना की। पिछले 3 वर्षों में इनका कारोबार प्रति वर्ष डेढ़ सौ करोड़ के टर्नओवर तक पहुंच गया है और लगभग 15 से 16 करोड़ का नेट प्रॉफिट होता है। उन्होंने 40,000 महिलाओं को अपने साथ जोड़ लिया है। सीएम योगी ने कहा कि खुद में इच्छा शक्ति, सरकार और प्रशासन का समर्थन हो तो महिलाएं कुछ भी कर सकती हैं।

## लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकी गिरफ्तार, दो आईईडी-हैंड ग्रेनेड, डेटोनेटर-बैटरी बरामद



चंडीगढ़। पंजाब में शांति भंग करने की कोशिश कर रहे आतंकी मॉड्यूल को बड़ा झटका लगा है। अमृतसर पुलिस ने केंद्रीय एजेंसी के साथ एक संयुक्त अभियान में लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकियों को गिरफ्तार किया है। दोनों जम्मू-कश्मीर के रहने वाले हैं। डीजीपी गौरव यादव ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरोपियों से दो आईईडी, दो हैंड ग्रेनेड, दो मैगजीन के साथ एक पिस्तौल, 24 कारतूस, एक टाइमर स्विच, आठ डेटोनेटर और चार बैटरी बरामद की गई हैं। इस आतंकी मॉड्यूल को लश्कर-ए-तैयबा का सक्रिय सदस्य फिरदौस अहमद भट संभालता है। उसकी शह पर ही पंजाब को त्योहारों में दहलाने की प्लानिंग की गई थी। पंजाब में आने वाले दिनों में आतंकी घटनाओं को अंजाम देने की प्लानिंग चल रही थी।

## भारत-लंका नौका सेवा का शुभारंभ वास्तव में बड़ा कदम : एस. जयशंकर

नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि तमिलनाडु के नागपट्टिनम से श्रीलंका में जाफना के पास कांकेसंथुराई तक यात्री नौका सेवा की शुरूआत लोगों से लोगों के बीच संपर्क बढ़ाने के लिए एक 'वास्तव में बड़ा कदम' है। नौका सेवा के शुभारंभ पर एक आभासी समारोह में जयशंकर ने कहा कि कनेक्टिविटी, सहयोग और संपर्कों पर ध्यान देने के साथ भारत का अपने निकटतम देशों के लिए 'उदार और दूरदर्शी दृष्टिकोण' है। उन्होंने कहा, 'भविष्य में हम ग्रिड कनेक्शन, पाइपलाइन और आर्थिक गलियारे पर विचार कर रहे हैं। इसके साथ ही निश्चित रूप से श्रीलंका में सभी को समान सम्मान और समान अधिकारों के साथ रहने के लिए समर्थन दिया जाएगा।' भारत द्वीप राष्ट्र में तमिल समुदाय की आकांक्षाओं को पूरा करने और उनके लिए सम्मान और सम्मान का जीवन सुनिश्चित करने के लिए कोलंबो को संदेश देता रहा है। नौका सेवा जुलाई में दोनों देशों के नेताओं द्वारा की गई घोषणा के अनुरूप शुरू की गई थी। जयशंकर ने कहा, 'भारत और श्रीलंका के बीच लोगों से लोगों के बीच संपर्क के लिए यह वास्तव में एक बड़ा कदम है। इसे प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने मान्यता दी थी।' हाई-स्पीड नौका



का संचालन शिपिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया द्वारा किया जाता है और इसकी क्षमता 150 यात्रियों की है। अधिकारियों के अनुसार, नागपट्टिनम और कांकेसंथुराई के बीच लगभग 60 समुद्री मील (110 किमी) की दूरी, समुद्र की स्थिति के आधार पर लगभग 3.5 घंटे में तय की जाएगी। जयशंकर ने अपनी टिप्पणी में भारत की 'पड़ोसी पहले नीति' और पड़ोसी देशों के साथ कनेक्टिविटी और सहयोग को बढ़ावा देने पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, 'यह वही निर्णय है जो हम इस नौका के माध्यम से करना चाहते हैं। यह चेन्नई-जाफना उड़ानों में पहले से ही दिखाई दे रहा है, जिसे प्रधानमंत्री मोदी ने मंजूरी दे दी है।' जयशंकर ने कहा, 'आखिरकार कौन भूल सकता है कि नरेंद्र मोदी जाफना का दौरा करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री हैं। यह प्रतिबद्धता श्रीलंका में आवास परियोजनाओं, सांस्कृतिक केंद्रों और अस्पतालों के समर्थन में भी देखी जाती है।' उन्होंने भारत की SAGAR (Security and Growth For All in the Region) नीति का भी उल्लेख किया और कहा कि देश समुद्री सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ आपदा प्रतिक्रिया और पर्यावरण सुरक्षा में फिर से सक्रिय हो गया है। उन्होंने कहा, 'यह नौका सेवा समुद्री क्षेत्र के माध्यम से लोगों से लोगों को जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण माध्यम है। यह कांकेसंथुराई बंदरगाह के सुचारू कामकाज के लिए हमने जो सहायता प्रदान की है, उसे भी रेखांकित करता है।'

## पेशी से घबराए अतीक के बेटे अली-उमर पहुंचे हाईकोर्ट, बोले...जान को है खतरा



प्रयागराज। माफिया अतीक अहमद के जेल में बंद दोनों बेटों को भी जान का खतरा दिखाई दे रहा है। लखनऊ की जेल में बंद उमर अहमद व नैनी जेल में बंद अली अहमद ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर सुरक्षा की मांग की है। दलील है कि कचहरी आने में जान को खतरा है, इसलिए वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से उनकी पेशी कराई जाए। कोर्ट ने याचियों को खतरे के संबंध में विश्वसनीय सुबूत पेश करने को कहा है। उमर की याचिका पर न्यायमूर्ति अंजनी कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति विवेक कुमार सिंह की खंडपीठ सुनवाई कर रही है, जबकि अली की याचिका पर न्यायमूर्ति विवेक कुमार बिरला और न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर की पीठ सुनवाई कर रही है। इनकी पैरवी करने वाले वकील विजय मिश्रा खुद जेल पहुंच चुके हैं। हालांकि, जेल जाने से पहले विजय मिश्रा 12 जुलाई को दोनों भाइयों के डरने के पीछे के सुबूत हलफनामे के साथ अदालत में दे गए थे। एसटीएफ के लखनऊ से विजय मिश्रा को गिरफ्तार करके जेल भेज देने के बाद मामले की सुनवाई भी लगातार टल रही है। यह याचिका कई बार सूचीबद्ध हो चुकी है। इस हफ्ते भी दोनों की याचिकाएं लगातार दो दिन सूचीबद्ध हुईं, लेकिन इनकी सुनवाई नहीं हो सकी। शुरूआती सुनवाई के दौरान अतीक के दोनों बेटों की जान को खतरा बताने की आशंका के पीछे कोर्ट ने ठोस आधार बताते हुए बेहतर हलफनामा देने का आदेश दिया था। राज्य सरकार की ओर से शासकीय अधिवक्ता आशुतोष कुमार संड ने दलील दी, माफिया के बेटों की याचिका काल्पनिक भय पर आधारित है। जिस पर कोर्ट ने कहा कि काल्पनिक आधार पर राज्य सरकार को सुरक्षा का आदेश नहीं दे सकते। याची को विश्वसनीय सबूत दाखिल करने होंगे।

## 'पीएम मोदी की नीतियां हमेशा जन केंद्रित होती हैं', सिंगापुर स्पीकर बोले- आतंकवाद के खिलाफ साथ आना जरूरी

नई दिल्ली। शुक्रवार को नई दिल्ली में पी20 सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान पीएम मोदी ने इस सम्मेलन को संबोधित किया। अपने संबोधन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने आतंकवाद, लोकतंत्र जैसे मुद्दों पर बात की। सिंगापुर की संसद के स्पीकर सिया कियान पेंग ने भी पीएम मोदी का समर्थन किया और कहा कि आतंकवाद के खिलाफ सभी देशों को साथ आने की जरूरत है। सिया कियान पेंग ने कहा कि मुझे लगता है कि आतंकवाद के खिलाफ हमें साथ आने की जरूरत है। भारत और सिंगापुर इसके खिलाफ एकजुट हैं। जरूरत है कि हम कोई भी ऐसा मौका ना दें, जिससे आतंकी घटना घटे। सभी सरकारों को ऐसा करने की जरूरत है। मुझे लगता है कि पीएम मोदी की नीतियां जन केंद्रित होती है। सिंगापुर के स्पीकर ने क्राफ्ट बाजार का भी दौरा किया। इस दौरान उन्होंने यूपीआई के इस्तेमाल को भी देखा। इस दौरान सिंगापुर के डिप्टी उच्चायुक्त भी उनके साथ मौजूद रहे। पी20 सम्मेलन के तहत एक कार्यक्रम में लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने रूसी संसद की स्पीकर वेलेंटिना मातवियेंको से मुलाकात की। साथ ही ब्राजीली संसद के निचले सदन के स्पीकर आर्थर पेरेरा डे लीरा को सम्मानित किया गया। बता दें कि भारत के बाद जी20 सम्मेलन की अध्यक्षता ब्राजील को



ही मिली है। भारत में आयोजित हुए पी20 सम्मेलन के दौरान जो संयुक्त घोषणा पत्र जारी किया गया, उसमें अंतरराष्ट्रीय शांति, समृद्धि और सद्भाव को बढ़ावा देने की बात कही गई। साथ ही सम्मेलन में शिरकत करने वाले सदस्य देशों ने भारत को नारी शक्ति वंदन अधिनियम और संसद भवन की नई इमारत के लिए बधाई दी।

## सांसद-विधायक से लिपट कर रोने लगा देवेश, बोला- भैया...सब कुछ तो उजड़ गया, अब तक नहीं मिला न्याय

देवरिया। देवरिया जिले में फतेहपुर के लेड़हा टोले पर सामूहिक हत्याकांड में मारे गए पांच लोगों के श्राद्ध में शामिल होने पहुंचे बांसगांव के सांसद और सदर के विधायक से लिपट कर देवेश रोने लगे। देवेश को बिलख कर रोता देख सांसद और विधायक खुद को रोक नहीं पाए और उनकी आंखें भर आईं। सांसद से लिपटा देवेश बोला, भैया... घर देखिए, सब कुछ तो उजड़ गया मेरा, लेकिन अब तक न्याय नहीं मिला। आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई कब होगी। जिसे सुन सांसद कमलेश पासवान और विधायक शलभ मणि ने देवेश को ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स्वयं फतेहपुर घटना की समीक्षा कर रहे हैं। मामले में लापरवाही करने वाले अधिकारियों पर लगातार कार्रवाई जारी है। किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। सांसद ने कहा कि फतेहपुर में एक साथ छह लोगों की



हत्या से पूरा देश मर्माहत है। घटना की बड़ी बारीकी से जांच कराई जा रही है। इस पर किसी प्रकार की कोई राजनीति नहीं होनी चाहिए। इस दौरान विभिन्न राजनैतिक दलों ने सामूहिक हत्याकांड में मृतकों को श्रद्धांजलि दी। लेड़हा टोले पर सत्यप्रकाश दुबे के परिवार से मिलने बिहार के नेता भी पहुंचे। पूर्व मंत्री सतीश दुबे, भाजपा नेता शशांक मणि, कमलेश सिंह आदि ने श्रद्धांजलि दी। वहीं सपा के पूर्व विधायक अनुग्रह नारायण उर्फ खोखा सिंह ने दोनों परिवार से मिलकर ढांढस बंधाया। बता दें कि देवरिया जिले में रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के फतेहपुर गांव में 2 अक्तूबर को सुबह छह बजे जमीन के विवाद में एक पूर्व जिला पंचायत सदस्य की धारदार हथियार से काटकर हत्या कर दी गई थी। इससे गुस्साएं पूर्व जिला पंचायत सदस्य के पक्ष के लोग दूसरे पक्ष के घर में घुसकर पति, पत्नी और उसकी तीन संतानों को गोली मारकर और धारदार हथियार से प्रहार कर हत्या कर दी थी, जबकि एक बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया था।

## ऑपरेशन अजय की दूसरी फ्लाइट से 235 लोग पहुंचे भारत, अब तक 447 भारतीयों की इजरायल से निकासी



नई दिल्ली। ऑपरेशन अजय की दूसरी फ्लाइट शनिवार सुबह दिल्ली एयरपोर्ट पहुंची। इस विमान में 235 भारतीय नागरिक सवार थे, जिन्हें इजरायल से सुरक्षित वापस लाया गया है। ऑपरेशन अजय के तहत अब तक 447 भारतीयों की इजरायल से निकासी हुई है। केंद्रीय राज्य मंत्री राजकुमार रंजन ने एयरपोर्ट पर इजरायल से वापस लौटे लोगों का स्वागत किया। केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि दूसरी फ्लाइट से लौटे लोगों का स्वागत किया। भारतीय नागरिकों ने इजरायल से वापस लाने के लिए भारत सरकार का आभार जताया। बता दें कि ऑपरेशन अजय के तहत दूसरी फ्लाइट ने स्थानीय समयानुसार (इजरायल) शुक्रवार रात 11.02 बजे उड़ान भरी थी। इजरायल से भारतीयों को निकालने का अभियान अभी जारी रहेगा। इजरायल में करीब 18,000 भारतीय नागरिक रहते हैं। इससे पहले इजरायल से भारतीय नागरिकों की वापसी की सुविधा के लिए पहली चार्टर फ्लाइट गुरुवार देर शाम बेन गुरियन हवाई अड्डे से भारत के लिए रवाना हुई थी और शुक्रवार सुबह भारत की राजधानी दिल्ली पहुंची। पहली फ्लाइट में 212 भारतीय नागरिक सवार थे।

## पीएम मोदी ने की भारत और श्रीलंका के बीच फेरी सेवा की शुरूआत

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज भारत और श्रीलंका के बीच नौका सेवा की शुरूआत की। पीएम मोदी ने कहा कि हम भारत और श्रीलंका के बीच राजनयिक और आर्थिक संबंधों में एक नए अध्याय की शुरूआत कर रहे हैं। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में पीएम मोदी ने कहा कि भारत और श्रीलंका संस्कृति, वाणिज्य और सभ्यता का गहरा इतिहास साझा करते हैं और अब दोनों में आर्थिक साझेदारी भी बढ़ेगी। ये फेरी सेवा नागापट्टिनम और कांकेसंतुराई के बीच शुरू की गई है और हमारे संबंधों को मजबूत करने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इससे पहले केंद्रीय जलमार्ग मंत्री सबार्नंद सोनोवाल ने तमिलनाडु के नागापट्टिनम और श्रीलंका के कांकेसंतुराई के बीच नौका सेवा को हरी झंडी दिखाई। इस बीच विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर इस कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल हुए। पीएम ने अपने संबोधन में बताया कि राष्ट्रपति विक्रमसिंघे की हालिया यात्रा के दौरान दोनों देशों में आर्थिक साझेदारी बढ़ाने पर सहमति बनी थी। उन्होंने कहा कि कनेक्टिविटी इस



साझेदारी का केंद्रीय विषय है। कनेक्टिविटी केवल दो शहरों को करीब लाने के बारे में नहीं है, बल्कि दो देशों और लोगों को करीब लाती है।कनेक्टिविटी व्यापार, पर्यटन और लोगों से लोगों के संबंधों को बढ़ाती है। जानकारी के मुताबिक श्रीलंका जाने के लिए फेरी सेवा का टिकट प्रति व्यक्ति 7670 रुपये (6500 और 18 फीसद जीएसटी) तय किया गया था। नागापट्टिनम शिपिंग हार्बर विभाग के अधिकारियों की मानें तो आज उद्घाटन प्रस्ताव के रूप में इसका टिकट 2800 रुपये (2375 और जीएसटी) तय किया है। मौजूदा टिकट के दाम पर 75 फीसद छूट दी गई है। इस फेरी सेवा से कोई भी सिर्फ तीन घंटे में तमिलनाडु से श्रीलंका जा सकता है। तमिलनाडु के नागपट्टिनम और आसपास के कस्बे लंबे समय से श्रीलंका सहित कई देशों के साथ समुद्री व्यापार के लिए जाने जाते हैं। दोनों देशों के आर्थिक संबंध इतने पुराने है कि पूमपुहार के ऐतिहासिक बंदरगाह का उल्लेख प्राचीन तमिल साहित्य में एक केंद्र के रूप में किया गया है।

## नोएडा में समोसा बनाते समय एलपीजी सिलेंडर फटा, 7 लोग झुलसे



नोएडा। कोतवाली सेक्टर-39 क्षेत्र के गांव सलारपुर में शनिवार दोपहर समोसा बनाते समय एलपीजी का छोटा सिलेंडर फट गया। जिसकी चपेट में आकर सात लोग झुलस गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका इलाज चल रहा है। गांव सलारपुर में भूप सिंह के मकान में रणधीर नामक व्यक्ति किराए पर रहते हैं। शनिवार दोपहर वह गैस चूल्हे पर समोसा बना रहे थे। तभी एलपीजी के छोटे सिलेंडर में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और कुछ ही मिनटों में सिलेंडर फट गया। सिलेंडर की चपेट में आने से जिला बदायूं की मालती देवी (50), जिला जालौन के विजय (32), विजय की पत्नी माया (25), विजय का पुत्र कान्हा (11), बिहार की गुड़िया (32), रणधीर और सरोज (22) झुलस गए। सिलेंडर फटने की आवाज इतनी तेज थी कि काफी दूर तक सुनाई दी। हादसा होते ही मदद के लिए हाथ आगे बढ़े और घायल लोगों को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां सभी का उपचार शुरू कर दिया है। चार की हालत गंभीर है। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने भी हादसे की जांच शुरू कर दी है।

## संपादकीय

# अजन्मे बच्चे के अधिकारों की रक्षा के लिए सुप्रीम कोर्ट को नैतिक आधार पर बनना पड़ा पक्षकार

कई बार अदालतों के समक्ष कानूनी प्रावधानों के बरक्स नैतिक तकाजे बड़े होकर खड़े हो जाते हैं। संविधान व्यक्ति को जीवन जीने का अधिकार और निर्णय की स्वतंत्रता प्रदान करता है। मगर इसमें अगर कोई ऐसा पक्ष उपस्थित हो जाए, जिसकी पैरवी करने वाला कोई नहीं है, तो उसके अधिकारों की रक्षा का दायित्व आखिरकार अदालत पर आ जाता है। ऐसे में अदालत के लिए व्यक्ति के निर्णय की स्वतंत्रता और जीवन के अधिकार के बीच संतुलन बनाना आसान नहीं रह जाता। यही हुआ, जब एक महिला ने सर्वोच्च न्यायालय से अपने छब्बीस हफ्ते का गर्भ हटाने की इजाजत मांगी। हालांकि कानून के मुताबिक चौबीस हफ्ते से अधिक समय के भ्रूण के गर्भपात की इजाजत नहीं दी जा सकती। वह ऐसी स्थिति में दी जाती है, जब महिला बलात्कार पीड़िता हो या गर्भ की वजह से उसकी जान को खतरा हो। ताजा मामले में जिस महिला ने गर्भपात की इजाजत मांगी, उसने दलील दी थी कि वह मानसिक और आर्थिक रूप से परेशान है। वह बच्चे की परवरिश नहीं कर सकती। उसके वकील ने तर्क दिया कि वह इसकी वजह से दो बार खुदकुशी की कोशिश भी कर चुकी है। कानून के मुताबिक यह उस महिला की स्वेच्छा का सवाल है कि बच्चा पैदा करे या न करे। महिला की दलीलों के आधार पर सर्वोच्च न्यायालय ने पहले उसे गर्भपात की इजाजत दे दी थी। मगर जब चिकित्सकों ने जांच की, तो पाया कि भ्रूण सांसें ले रहा और स्वस्थ है। गर्भपात का अर्थ है कि भ्रूण की सांसें रोक दी जाएं। अस्पताल की रिपोर्ट को देखते हुए अदालत ने अपना फैसला पलट दिया। मगर महिला का तर्क अपनी जगह कायम रहा। इस पर तीन जजों की पीठ में विचार किया गया। प्रधान न्यायाधीश ने महिला के वकील से पूछा कि अदालत एक जीवित भ्रूण की हत्या का आदेश कैसे दे दे। आखिर अजन्मे को भी जीवन का अधिकार है। उसकी पैरवी करने वाला यहां कोई नहीं है, इसका मतलब यह नहीं कि इससे उसके अधिकार समाप्त हो जाते हैं। आखिर महिला ने जब इतने समय तक अपने गर्भ में भ्रूण को पाला, तो कुछ हफ्ते और पालने में क्या हर्ज है। सात माह के बच्चे को गर्भ से बाहर निकालने का अर्थ है कि मां और शिशु दोनों की सेहत को खतरा पैदा हो सकता है। पैदा होने के बाद शिशु को पालने के बारे में वैकल्पिक व्यवस्था की जा सकती है। गर्भवती महिला के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य की एक बार फिर जांच करने को कहा गया है। इसलिए कि अब भी यह प्रश्न बना हुआ है कि महिला और गर्भस्थ शिशु में से किसके जीवन के अधिकार को तरजीह दी जाए। दुनिया के कई देशों में जीवन के अधिकार को बड़ा माना जाता है, तो कई देशों में व्यक्ति की इच्छा को बड़ा माना जाता है। भारत में दोनों को सम्मान दिया जाता है। ऐसे में सर्वोच्च न्यायालय इन दोनों के बीच संतुलन बिठाने की कोशिश में जुटा रहा। यह अपने आप में एक अनोखा मामला है, जिसमें एक अजन्मे शिशु के अधिकारों के लिए सर्वोच्च न्यायालय को नैतिक आधार पर पक्षकार बनना पड़ा। मगर यह नजीर है उन तमाम मामलों के लिए, जिनमें व्यक्ति अपने जीवन के अधिकार को ऊपर रखता है। अजन्मे के अधिकार की रक्षा के बाद अब गर्भवती महिला के जीवन के अधिकार की रक्षा करने में अस्पताल की भूमिका भी महत्त्वपूर्ण होगी।

## हैं डटे मैदान!



करने को विदाई ।
हैं डटे मैदान ।।
जीत कर दिखाएंगे ।
हैं लगे जी जान ।।
है बयान सार्वजनिक ।
चर्चा चलने वाली ।।
है दिखाना दम ।
ना पुलाव खयाली ।।
जनता का विश्वास ।
जीत लिया इस बार ।।
मान लेगी कहना ।
हैं हम असरदार ।।
होगी पक्की जीत ।
है ऐसा भरोसा ।।
अपनी बात ठीक से ।
हमने जो परोसा ।।

–कृष्णोन्द्र राय

# हमास का समर्थन करने से पहले जानें नरसंहारक आतंकवादी संगठन हमास की स्थापना कैसे हुई और इसकी विचारधारा क्या है?

**नीरज कुमार दुबे**

इजराइल पर हमला करने वाले आतंकवादी संगठन हमास ने सिर्फ यहूदियों को ही दर्द नहीं दिया है बल्कि दुनिया को भी दिखा दिया है कि आतंकवाद का स्वरूप कितना वीभत्स हो सकता है। जिस तरह आम लोगों का कत्लेआम किया गया वह मानवता के समक्ष खड़ी आतंकवाद रूपी सबसे बड़ी चुनौती की भयावहता को दर्शाता है। साथ ही जिस तरह हमास को समर्थन देने के लिए इस्लामिक देश एकत्रित हो रहे हैं तथा हिज्बुल्ला और उसके जैसे आतंकवादी संगठन लड़ाई में खुलकर हमास का साथ देने आ रहे हैं, वह इन आतंकी संगठनों के आपसी तालमेल से खड़ी होने वाली वैश्विक चुनौतियों की ओर भी इशारा करता है। जहां तक हमास की बात है तो आपको बता दें कि इसका गठन 1987 के अंत में हुए पहले फिलिस्तीनी विद्रोह की शुरूआत में हुआ था। इसकी जड़ें मुस्लिम ब्रदरहुड की फि लिस्तीनी शाखा में हैं और इसे फि लिस्तीनी क्षेत्रों के अंदर एक मजबूत सामाजिक-राजनीतिक संरचना का समर्थन भी मिला हुआ है। हमास समूह का उद्देश्य इजराइल के स्थान पर एक इस्लामिक फिलिस्तीनी राज्य की स्थापना करना है। हमास समूह फिलिस्तीन लिबरेशन ऑर्गनाइजेशन यानि पीएलओ और इजराइल के बीच किए गए किसी समझौते को नहीं मानता है। हम आपको यह भी बता दें कि हमास की ताकत गाजा पट्टी और वेस्ट बैंक के इलाकों तक ही केंद्रित है। हमास की सैन्य शाखा को इज




अल-दीन अल-कसम ब्रिगेड के नाम से जाना जाता है जिसने 1990 के दशक से इजराइल और फिलिस्तीनी क्षेत्रों में कई इजराइल विरोधी हमले किए हैं। इन हमलों में इजरायली नागरिक ठिकानों पर बड़े पैमाने पर बमबारी, छोटे हथियारों से हमले, सड़क किनारे विस्फोटक और रॉकेट से हमले शामिल हैं। हमास समूह ने 2006 की शुरूआत में फिलिस्तीनी क्षेत्रों में स्थनीय चुनाव भी जीते, जिससे फिलिस्तीनी प्राधिकरण पर धर्मनिरपेक्ष फतह पार्टी की पकड़ समाप्त हो गई थी। देखा जाये तो हमास ने शुरू से ही इजराइल के खिलाफ हिंसक प्रतिरोध के अपने मिशन को आगे बढ़ाने के लिए हमेशा भर्ती अभियानों को प्राथमिकता दी और लड़ाकों को प्रशिक्षण देने के लिए बड़े केंद्र भी स्थापित किये। हमास ने कई बार युद्धविराम की घोषणा भी की है लेकिन इस समय का उपयोग उसने हमेशा अपनी ताकत बढ़ाने और इजराइल पर नये सिरे से हमले करने में किया है। आज जो लोग इस बात से दुखी हो रहे हैं कि गाजा में हो रहे इजराइली हमलों में आम लोग भी मारे जा रहे हैं उन्हें शायद यह पता नहीं है कि अधिकांश गाजा वासी हमास समर्थक हैं और किसी ना किसी रूप में हमास को सहयोग करते हैं। इसलिए आतंकवाद के समर्थकों या उसे शह देने वाले लोगों पर जब खतरा मंडरा रहा है तो यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है। गाजा में गिरती इमारतों से जिन्हें दुख हो रहा है उन्हें पता होना चाहिए कि दुनिया की नजरों से छिपने के लिए आतंकवादियों ने उन इमारतों के बेसमेंट में या किसी कोने में अपने ठिकाने या सैन्य साजो सामान के अड्डे बना रखे थे। गाजा में लहुलूहान लोगों को देखकर चिंता होना स्वाभाविक है लेकिन यह भी पता होना चाहिए कि इस स्थिति के लिए स्थानीय लोग भी कहीं ना कहीं जिम्मेदार हैं क्योंकि यदि स्थानीय स्तर पर ही हमास का विरोध होता तो वह इतना आगे बढ़कर अपने ही लोगों की जान जोखिम में नहीं डाल पाता।

बहरहाल, हमास का गठन कैसे हुआ और इसकी विचारधारा क्या है, यदि इस बारे में बात करें तो आपको बता दें कि इस्लामवादी मुस्लिम ब्रदरहुड से जुड़े कार्यकताओं ने दान, क्लीनिक और स्कूलों का एक नेटवर्क स्थापित किया और 1967 में चले छह-दिवसीय युद्ध के बाद इजराइल के कब्जे वाले क्षेत्रों (गाजा पट्टी और वेस्ट बैंक) में सक्रिय हो गए। गाजा में वह लोग कई मस्जिदों में सक्रिय थे, जबकि वेस्ट बैंक में उनकी गतिविधियाँ आम तौर पर विश्वविद्यालयों तक ही सीमित थीं। इन क्षेत्रों में मुस्लिम ब्रदरहुड की गतिविधियाँ आम तौर पर अहिंसक थीं, लेकिन कब्जे वाले क्षेत्रों में कई छोटे समूहों ने इजराइल के खिलाफ जिहाद, या पवित्र युद्ध का आह्वान करना शुरू कर दिया था। दिसंबर 1987 में इजरायली कब्जे के खिलाफ फिलिस्तीनी इंतिफादा यानि विद्रोह की शुरूआत में हमास की स्थापना मुस्लिम ब्रदरहुड के सदस्यों और धार्मिक गुटों द्वारा की गई थी। हम आपको यह भी बता दें कि हमास एक अरबी शब्द है जिसका अर्थ "उत्साह" है। इस संगठन ने अपने 1988 के चार्टर में कहा था कि फिलिस्तीन एक इस्लामी मातृभूमि है जिसे कभी भी गैर-मुसलमानों को नहीं सौंपा जा सकता है और इजराइल से फिलिस्तीन का नियंत्रण छीनने के लिए पवित्र युद्ध छेड़ना फिलिस्तीनी मुसलमानों के लिए एक धार्मिक कर्तव्य है। हमास के इस सिद्धांत ने इसे इजराइल के साथ हमेशा के लिए संघर्ष की स्थिति में ला दिया। जो लोग हमास से हमदर्दी रख रहे हैं उन्हें इसके संस्थापकों और नेताओं के द्वारा दिये गये संबोधनों को देखना-सुनना चाहिए जिसमें उन्होंने खुद कहा है कि हमास एक नरसंहारक आतंकवादी संगठन है।

# राजस्थान में भाजपा को कांग्रेस से ज्यादा अपने लोगों की चुनौतियों से जूझना पड़ रहा है

**रमेश सर्राफ धमोरा**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में अगले विधानसभा चुनाव के टिकटों को लेकर अंदरूनी गुटबाजी सामने आ रही है। आगामी नवंबर महीने में देश के पांच प्रदेशों- मिजोरम, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान व तेलंगाना में विधानसभा के चुनाव होने हैं। भाजपा ने अभी तक मध्य प्रदेश में 136 सीटों पर छत्तीसगढ़ में 84 सीटों पर व राजस्थान में 41 सीटों पर प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर कांग्रेस पर बढ़त तो बना ली है। मगर भाजपा की सूची में बहुत से मौजूदा विधायकों व पूर्व में प्रत्याशी रहे नेताओं के नाम काट दिए जाने से पार्टी में विरोध की स्थिति उत्पन्न हो रही है।

विभिन्न चुनावी एजेंसियों द्वारा किये गए सर्वे के आधार पर भाजपा ने पार्टी विरोधी लहर को रोकने के लिए बहुत-सी सीटों पर प्रत्याशियों में फेरबदल किया है। भाजपा द्वारा राजस्थान में 6 लोकसभा व एक राज्यसभा सदस्य को, मध्य प्रदेश में तीन केंद्रीय मंत्रियों सहित सात लोकसभा सदस्यों के साथ पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री कैलाश विजयवर्गीय को मैदान में उतारा गया है। इसी तरह छत्तीसगढ़ में केंद्रीय मंत्री रेणुका सिंह सहित चार सांसदों को चुनाव मैदान में उतर गया है। हालांकि भाजपा ने केंद्रीय मंत्रियों व सांसदों को उन्हीं सीटों पर मैदान में उतारा है जहां पार्टी लगातार चुनाव हार रही है। मगर सांसदों को विधानसभा चुनाव में टिकट देने से उस क्षेत्र में विरोध की स्थिति पैदा हो गई है। कई क्षेत्रों में प्रत्याशी पिछले पांच साल से चुनाव की तैयारी कर रहे थे। वहां सांसदों को टिकट देने से उनमें नाराजगी व्याप्त हो रही है। राजस्थान के जयपुर में विद्याधर नगर सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री भैरोंसिंह शेखावत के दामाद नरपत सिंह राजवी मौजूदा विधायक हैं। उन्होंने पिछला विधानसभा चुनाव करीबन 31232 वोटों से जीता था। उनका टिकट कटने से उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए यहां तक कह दिया कि मेरा टिकट काटकर मुगलों के सामने घुटने टेकने वालों को टिकट देना कहां का इंसाफ है। हालाँकि बाद में राजवी अपने बयान से पलट गए। दीया कुमारी अभी राजसमंद से सांसद हैं तथा 2013 में सवाई माधोपुर से विधायक रह चुकी हैं। जयपुर की झोटवाड़ा विधानसभा सीट से राजपाल सिंह शेखावत का टिकट काट कर उनके स्थान पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री व जयपुर ग्रामीण सांसद



राज्यवर्धन राठौड़ को मैदान में उतारा गया है। टिकट काटने पर राजपाल शेखावत के समर्थकों ने भाजपा मुख्यालय पर जाकर जमकर बवाल मचाया। राजपाल शेखावत कई बार विधायक तथा राजस्थान सरकार में कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं। राज्यवर्धन सिंह राठौड़ लगातार दो बार जयपुर ग्रामीण से सांसद का चुनाव जीत चुके हैं। अजमेर के सांसद भागीरथ चौधरी को किशनगढ़ से विधानसभा का टिकट दिया गया है। पिछले चुनाव में भाजपा प्रत्याशी रहे विकास चौधरी तो अपने टिकट काटने पर रोने लगे तथा कहा कि पैसों के बल पर टिकट दी गई है। हालांकि भागीरथ चौधरी 2003 व 2013 में किशनगढ़ से विधायक रह चुके हैं। 2018 में उनका टिकट काट दिया गया था। फिर 2019 को उनको अजमेर से लोकसभा का टिकट दिया गया था और वह चुनाव जीत गए थे। झुंझुनूं के सांसद नरेंद्र कुमार खीचड़ को मंडावा सीट से प्रत्याशी बनाया गया है। नरेंद्र कुमार मंडावा से चार चुनाव लड़ चुके हैं। जिसमें वह दो बार हारे व दो बार जीते थे। 2018 में उन्होंने भाजपा टिकट पर विधानसभा का चुनाव जीता था। मगर 2019 में उन्होंने सांसद बनने पर विधायक पद से इस्तीफा दे दिया था। जालौर से लगातार तीन बार के सांसद देवजी पटेल को सांचौर से वन मंत्री सुखराम बिश्नोई के सामने मैदान में उतारा गया है। सांचौर से भाजपा एक बार 2003 में ही जीत पाई थी। सांचौर से सांसद देवजी पटेल को टिकट मिलने से वंचित टिकट दावेदारों में आक्रोश है। वहां सांसद के काफिले को लोगों ने बीच रास्ते में रोका व काले झंडे दिखाकर उनका विरोध जताया और काफिले के वाहनों पर पथराव किया जिससे दो से तीन वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। इस उग्र प्रदर्शन से घिरे सांसद देवजी पटेल ने जैसे-तैसे अपनी जान बचायी। राजस्थान में भाजपा के हिन्दुवादी चेहरे अलवर सांसद महंत बालकनाथ को तिजारा से मैदान में उतारा गया हैं। वहां भाजपा के पूर्व विधायक मास्टर मामन सिंह यादव ने बगावत कर निर्दलीय चुनाव लड़ने कि घोषणा कर दी है। राज्यसभा सांसद किरोड़ीलाल मीणा को सवाई माधोपुर सीट से प्रत्याशी बनाया। किरोड़ीलाल मीणा 5 बार विधायक, दो बार लोकसभा सदस्य व एक बार राज्यसभा सदस्य तथा राजस्थान सरकार में कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं। वह एक बार सवाई माधोपुर से विधायक भी रह चुके हैं। राजस्थान में भाजपा ने केन्द्रीय मंत्री कैलाश चौधरी कि अध्यक्षता में एक कमेटी बनायीं है जो बागी प्रत्याशियों को समझाकर मनायेगी। इस कमेटी ने अपना काम भी शुरू कर दिया है। भाजपा के कई बड़े नेता अलग-अलग जिलों में जाकर पार्टी कार्यकताओं से मिलकर उन्हें समझा रहे हैं। मध्य प्रदेश में केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर को दिमनी, प्रहलाद सिंह पटेल को नरसिंहपुरी, फगन सिंह कुलस्ते को निवास विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाया गया है। वहीं लोकसभा सांसद राकेश सिंह को जबलपुर पश्चिम, गणेश सिंह को सतना, प्रीति पाठक को सीधी और उदय प्रताप सिंह को गाडरवारा से प्रत्याशी बनाया गया है। इसके साथ ही पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय को इंदौर क्रमांक-1 से प्रत्याशी बनाया गया है। मध्य प्रदेश में अब तक घोषित 136 प्रत्याशियों में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का नाम भी शामिल है। छत्तीसगढ़ से केंद्र सरकार में मंत्री रेणुका सिंह को भरतपुर-मोनहता सीट से, सांसद गोमती सांय को पत्थलगांव, सांसद अरुण सांव को लोरमी से प्रत्याशी बनाया गया है। दुर्ग से सांसद विजय बघेल को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सामने पाटन से प्रत्याशी बनाया गया है। विजय बघेल मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के भतीजे हैं। वहीं आईएएस अधिकारी रहे ओपी चौधरी को रायगढ़ से व नीलकंठ टेकाम को केशकाल से प्रत्याशी बनाया गया है। छत्तीसगढ़ में पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह को भी टिकट दिया गया है।

# इजराइल–हमास युद्ध ने पश्चिम एशिया में विभाजन को और बढ़ा दिया है

**निरंजन मार्जनी**

आतंकी संगठन हमास के इजराइल पर किए गए अचानक हमले से न सिर्फ इजराइल और फिलिस्तीन के बीच तनाव बढ़ा है बल्कि इसका असर पूरे पश्चिम एशिया की स्थिरता पर पड़ सकता है। फिलिस्तीन, जो वेस्ट बैंक और गाजा पट्टी, इन दो भागों में बंटा हुआ है, दशकों से एक स्वतंत्र देश बनने के लिए संघर्ष कर रहा है। इस संघर्ष का परिणाम है कि फिलिस्तीन और इजराइल के बीच लगातार हिंसा और युद्ध के हालात बने रहे हैं।

गाजा पट्टी, जो इजराइल के दक्षिण में स्थित है, हमास के कब्जे में है जबकि वेस्ट बैंक में फिलिस्तीनी प्राधिकरण का शासन है। 7 अक्टूबर को शुरू हुए हमास के हमलों में और बाद में इजराइली सेना की हमास के खिलाफ जवाबी कार्रवाई में अब तक कुल 3500 से ज्यादा मौतें हो चुकी हैं। इजराइल जैसे सक्षम और शक्तिशाली देश पर इस पैमाने का हमला होना काफी हद तक इजराइली खुफिया तंत्र की असफलता कहा जा सकता है। हमास ने इससे पहले भी इजराइल पर रॉकेट हमले किये हैं। लेकिन आतंकवादियों की इजराइली सीमा में घुसपैठ होना इजराइल की सुरक्षा में एक भारी सेंध है। इस आतंकी हमले की गंभीरता को देखते हुए यह युद्ध लंबा चलने के आसार हैं। इस युद्ध का असर सिर्फ इजराइल तक सीमित न रहते हुए पूरे पश्चिम एशिया में दिखाई देगा जिसके पहलु देखना जरूरी है। ईरान के हमास को समर्थन देने और इजराइल को धमकी देने के कारण पश्चिम एशिया की स्थिरता अब खतरे में पड़ गई है। ईरान के इस तरह खुले तौर पर हमास के समर्थन में आने से पश्चिम एशिया की राजनीती नया मोड़ ले सकती है। ईरान न सिर्फ हमास का समर्थक है बल्कि हमास के आतंकियों को ट्रेनिंग भी देता है और हथियार भी सप्लाई करता है। फिलिस्तीन को समर्थन देने में भले ही सभी मुस्लिम देश एकजुट हों लेकिन क्षेत्रीय राजनीति इसमें विभाजित होने की संभावना है। इसी वर्ष मार्च महीने में ईरान और सऊदी अरब के बीच शांति समझौता हुआ जिसके बाद दोनों देशों ने अपने राजनयिक संबंधों को फिर से बहाल किया। 2016 से इन दोनों देशों के बीच विवाद चल रहा था जो चीन की मध्यस्थता से समाप्त हुआ। इसे मुस्लिम जगत में एक बड़ी कामयाबी माना गया और पश्चिम एशिया में हमेशा से चल रही ईरान और अरब देशों के बीच की प्रतिस्पर्धा के अंत के तौर पर देखा गया। लेकिन ईरान के लिए अरब देशों से संबंध सामान्य करना इतना आसान नहीं है। इजराइल से ईरान की चल रही दुश्मनी अरब और ईरान के बीच एक पेचीदा मामला है जो अभी तक सुलझा नहीं है। ईरान के साथ साथ अरब देश अब इजराइल से भी



अपने संबंध स्थापित कर रहें हैं। पिछले तीन वर्षों में अब्राहम समझौतों के अंतर्गत चार अरब देशों- यूएई, बहरीन, मोरक्को और सूडान ने इजराइल से रिश्ते स्थापित किए। सऊदी अरब और इजराइल के बीच भी अब रिश्ते स्थापित करने पर बातचीत चल रही है। अरब देशों से संबंध भले ही ईरान के आर्थिक हित में हैं लेकिन राजनीतिक तौर पर ईरान और अरब देशों के बीच इजराइल पर सहमति बनना मुश्किल है। अपने राजनीतिक हितों को ध्यान में रखते हुए हमास का समर्थन ईरान के अरब देशों से रिश्तों को बिगाड़ सकता है। ईरान की तरह इसी वर्ष सीरिया से भी अरब देशों ने अपने रिश्ते बहाल किये। लेकिन अब इजराइल और हमास के बीच युद्ध होने से सीरिया और अरब देशों के बीच भी दूरियां बढ़ सकती हैं। इजराइल पर सिर्फ गाजा पट्टी से ही नहीं बल्कि उत्तर में सीरिया और लेबनान से भी हमले हो रहे हैं। सीरिया को भी ईरान का समर्थन प्राप्त है। आत्म रक्षा के लिए इजराइल सीरिया और लेबनान में भी हमले कर चुका है। लेबनान स्थित आतंकी संगठन हिज्बुल्लाह को भी ईरान समर्थन प्राप्त है। इस वक़्त इजराइल एक साथ दक्षिण में गाजा पट्टी और उत्तर में सीरिया और लेबनान ऐसे दो मोर्चों पर युद्ध लड़ रहा है। बदल रहे भू-राजनीतिक समीकरण और अपने आर्थिक हितों को प्राथमिकता देने की वजह से अरब देश इजराइल से अपने रिश्ते बिगाड़ने से परहेज करेंगे। तेल आधारित अर्थव्यवस्था में विविधता लाने के लिए आज अरब देशों के लिए इजराइल जैसे तकनीकी तौर पर सक्षम देश की आवश्यकता है। ईरान और सीरिया वैसे भी मुस्लिम जगत में असहज भागीदार हैं। इन दोनों देशों से अरब देशों के आर्थिक हितों को कोई खास फायदा नहीं है। 2002 की अरब शांति पहल के अंतर्गत अरब देशों के इजराइल से रिश्ते सामान्य करने की शर्त थी स्वतंत्र फिलिस्तीन देश का निर्माण होना। लेकिन अपने भविष्य के आर्थिक हितों को ध्यान में रखते हुए अरब देशों की इजराइल से नजदीकियां बढ़ रही हैं जिसमें फिलिस्तीन का विचार नहीं हो रहा। हमास को ईरान के साथ साथ तुर्किये का भी समर्थन प्राप्त है। अरब देशों के साथ रिश्ते सुधरने के बावजूद तुर्किये पश्चिम एशिया क्षेत्र में अपने भू-राजनितिक वर्चस्व को कायम रखना चाहता है। हाल ही मैं भारत में आयोजित हुए जी-20 सम्मेलन में भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारे की घोषणा हुई। इसमें भारत, अरब देश और यूरोपीय देश शामिल हैं। इस गलियारे में शामिल न किए जाने से तुर्किये नाराज है। पश्चिम एशिया और यूरोप को जोड़ने वाली किसी भी परियोजना में इजराइल की महत्त्वपूर्ण भूमिका है। इजराइल में अस्थिरता से इस गलियारे को बनने में देर होगी। इस गलियारे की असफलता तुर्किये के हित में है क्योंकि हाल ही में तुर्किये ने इराक से विकास मार्ग का प्रस्ताव रखा है जो पश्चिम एशिया में एक और आर्थिक गलियारे के तौर पर विकसित होगा। अपना प्रभाव कायम रखने के लिए इजराइल और पश्चिम एशिया में अस्थिरता तुर्किये के लिए फायदेमंद है। हमास का हमला इजराइल के लिए एक चुनौती है। यह अचानक हुआ हमला नहीं है। इस वर्ष की शुरूआत में इजराइल को अपने पड़ोस में ईरान-हमास-हिज्बुल्लाह की बढ़ती गतिविधियों के बारे में जानकारी थी। लेकिन तब इजराइल ने इसके खिलाफ कोई कदम नहीं उठाया था। ईरान कई वर्षों से हमास और हिज्बुल्लाह के इजराइल के खिलाफ हमलों का समर्थन करता आया है।

# नगर पालिका में धूल फांक रहा है कोतवाली रोड से हटाया गया डिवाइडर

प्रखर शाहगंज जौनपुर। कभी कभी कुछ राजनैतिक कारणों से जनता के पैसे जनता के लिए किए गए कार्य का भी कोई मतलब नही निकलता। पूर्व चेयरमैन गीता जायसवाल के कार्यकाल में नगर के कोतवाली रोड को जाम से मुक्ति और सुंदर बनाने के उद्देश्य से लाखों रुपये की लागत से लगाया गया डिवाइडर वर्तमान चेयरमैन रचना सिंह ने नगर पालिका में कई वर्षों सूखे पड़े समाजवादी को संजीवनी देते हुए विजय हासिल की और शपथ ग्रहण करने के बाद शायद पहला काम उन्होंने कोतवाली रोड लगा डिवाइडर और रोड लाईट हटाने के कार्य किया।अब इसके पीछे उद्देश्य चाहे जो रहा हो वही डिवाइडर जो लाखो रुपये की लागत से लगाया गया था।वह इस समय नगर पालिका में एक कोने में पड़े धूल फाँक रहा है।सवाल उठता है की अगर डिवाडर हटाया गया है तो उसका इस्तेमाल कहीं और भी किया जा सके ताकि जनता के पैसों का सही इस्तेमाल हो और वह डिवाइडर व्यर्थ न हो मगर ऐसा होता दिख नही रहा है। इस बारे में जब अधिशाषी अधिकारी प्रदीप गिरी से पूछा गया तो उन्होंने कहा की उस डिवाइडर के लिए आगामी बोर्ड की बैठक में निर्णय लिया जाएगा।जब उसकी लागत के बारे में पूछा गया तो उन्होंने बताया की एक्जैक्ट तो फाइल देखने के बाद ही बताया जा सकता है।फिर भी अनुमानित लागत लाख रुपये से अधिक ही थी। वही जब इस सम्बंध में पूर्व चेयरमैन गीता जायसवाल से पूछा गया तो उन्होंने कहा की नगर के इतिहास में पहली बार ऐसा कार्य किया गया था जिससे बहुत हद तक जाम की स्थिति पर काबू पाया गया।और कोतवाली रोड की सुंदरता भी बढ़ गयी थी। उस डिवाइडर को हटाना कहीं से भी उचित नही ठहराया जा सकता।



# थाना कोतवाली खलीलाबाद पर आयोजित थाना समाधान दिवस पर सुनी गयी समस्याएं



प्रखर संतकबीरनगर। थाना कोतवाली खलीलाबाद पर आयोजित थाना समाधान दिवस पर फरियादियों की समस्याओं को सुना गया। फरियादियों की शिकायतों को गम्भीरता से सुनते हुए गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध समाधान करने के लिए सम्बन्धित को निर्देश दिया गया। थाना समाधान दिवस की शिकायतों को सुनते हुए पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि थाना समाधान दिवस में आये लोगों की शिकायतों को गम्भीरता से सुना जाए तथा स्थलीय निरीक्षण करके समस्या का निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। थाना समाधान दिवस पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों को अधिकारी गुणवत्तापूर्ण ढंग से समयबद्ध निस्तारण कराना सुनिश्चित करायें।

पुलिस अधीक्षक के द्वारा पुलिस कर्मियो को निर्देशित किया गया कि थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जल्द से जल्द किया जाना चाहिए तथा जिन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है उन पर रिपोर्ट लगाकर सम्बंधित अधिकारी को प्रेषित करें जिससे समय से उचित निस्तारण कराया जा सके। इसी क्रम में जनपद के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें पुलिस व राजस्व के उच्चाधिकारियों द्वारा जनता की समस्याओं को सुनकर उनका निस्तारण कराया गया ।

## संक्षिप्त खबरें

### करो धुलाई भगाओ बीमारी : हैंडवाशिंग डे पर बच्चों ने सीखा स्वच्छता का पाठ



प्रखर पिंडरा वाराणसी। पिंडरा विकास खण्ड के विभिन्न प्राथमिक विद्यालयों में शनिवार को ग्लोबल हैंडवाशिंग डे पर छात्रों को हाथ धोने के सही तरीके को बताते हुए स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। शासन के निर्देश पर परिषदीय विद्यालयों के छात्र छात्राओं में स्वच्छता का पाठ पढ़ाने व जागरूक करने के लिए प्रत्येक विद्यालय में संगोष्ठी के आयोजन के साथ हाथ धोने के सही तरीके को बताया गया। करो धुलाई भगाओ बीमारी के तहत कम से कम 22 सेकेंड में हाथ धोने के 5 तरीके को शिक्षकों ने स्वयं प्रदर्शित कर बच्चों को बताया। क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय जमापुर, फूलपुर, सुरही, सिंधोरा, चितईपुर, पिंडरा, वार, खालिसपुर, धरसौना, चुप्पेपुर समेत दर्जनो प्राथमिक, उच्च प्राथमिक व कम्पोजिट विद्यालय में हैंडवाशिंग डे मनाया गया। बच्चों में भी उत्साह दिखा।

### मिशन शक्ति फेज-4 के शुभारंभ का देखा प्रसारण, उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाएं हुई सम्मानित



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। मिशन शक्ति फेज 4 का शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लोक भवन, लखनऊ से किया गया जिसका सीधा प्रसारण जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन गाजीपुर सभागार कक्ष में नारी शक्ति के साथ देखा गया। इसके बाद जनपद गाजीपुर के विभिन्न विभागों में रहकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिलाओं , जिनमे पुलिस महिला आरक्षी, एएनएम, आशा कार्यकर्त्री, बीसी सखी, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री, महिला शिक्षक इत्यादि, को वहां उपस्थित जनपद गाजीपुर की जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ,पूर्व विधायक सदर, पूर्व विधायक जमानियां, नगर पंचायत अध्यक्ष सदर द्वारा सम्मानित किया गया तथा उनके कार्यों की प्रसंशा की गई। इसके पूर्व विभिन्न स्कूलों की छात्राओं द्वारा महिलाओं के उत्थान संबंधित कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।अंत में जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक तथा पूर्व जनप्रतिनिधियों द्वारा मिशन शक्ति के उद्देश्यों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया तथा वहां मौजूद सभी लोगों से महिलाओं तथा बेटियों का सम्मान तथा सुरक्षा बनाए रखने के लिए जरूरी कदम उठाए जाने के लिए प्रेरित किया गया।इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर/ग्रामीण, एडीएम, क्षेत्राधिकारी नगर तथा अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### राजकीय बालिका इंटर कालेज की छात्राओं ने निकाली प्रभात फेरी



प्रखर दानगंज वाराणसी। चोलापुर क्षेत्र के राजकीय बालिका इंटर कालेज की छात्राओं ने मिशन शक्ति विशेष अभियान फेज- 4 योजना के तहत शनिवार को प्रभात-फेरी निकाली। प्रभात-फेरी चोलापुर बाजार से होते हुए चोलापुर थाने तक गई।इस दौरान चोलापुर थाने की एसआई शालिनी श्रीवास्तव द्वारा छात्राओं को मिशन शक्ति योजना के बारे में विस्तार पूर्वक से जानकारी देते हुए समझाया गया।इस अवसर पर कालेज की प्रधानाचार्य अंजू सिंह, डॉ. अनिता गिरी, डॉ. विशालाक्षी देवी, चंद्रिका, आरती कुमारी, सरिता कुशवाहा, अंजू, रंजना, अनुरमा शास्त्री, प्रशस्ति मिश्रा, अनामिका व वंदना प्रभात फेरी में मौजूद रही।

### पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के द्वारा मिशन शक्ति फेस 4.0 का हरी झंड़ी दिखाकर शुभारंभ



प्रखर संतकबीरनगर। मिशन शक्ति" के "फेज-04" के दिनांक 14.10.2023 से 24.10.2023 तक विशेष अभियान के शुभारंभ के अवसर पर पुलिस अधीक्षक जनपद संतकबीरनगर सत्यजीत गुप्ता द्वारा मिशन शक्ति विशेष अभियान 4.0 को हरी झंड़ी दिखाकर शुभारंभ कर महिला सुरक्षा,सम्मान व स्वालम्बन को बढ़ावा देते हुए एच0 आर0 इण्टर काँलेज से मधुकुंज तिराहे तक एनसीसी बैण्ड के साथ प्रभातफेरी लगाई गई । मिशन शक्ति फेज-04 के विशेष अभियान के तहत जनपद के सभी थानों पर नियुक्त महिला बीट अधिकारियों/कर्मचारीगण सहित समस्त थानों पर गठित महिला सु?क्षा विशेष दल (एंटीरोमियो टीम) द्वारा गाँवों में जन चौपाल लगाकर व बसस्टैंड/बाजार/गांव/कस्बा/स्कूल/कॉलेज/सार्वजनिक एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर बालिकाओं/महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के बारे में जागरूक किया जायेगा। शक्ति दीदी अभियान के तहत महिलाओं/बालिकाओं को उ0प्र0 सरकार व उ0प्र0 पुलिस द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं तथा सुरक्षा संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं जैसे वुमेन हेल्प लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 सहित अन्य सीयूजी नम्बरों के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया जायेगा । इस दौरान महिलाओ एवं बालिकाओं से वार्ता कर उनके अन्दर आत्मविश्वास को बढाने का प्रयत्न किया जायेगा।

## एसपी के द्वारा कोतवाली खलीलाबाद परिसर में निर्माणाधीन बैरक का किया गया निरीक्षण



प्रखर संतकबीरनगर। एसपी संतकबीरनगर सत्यजीत गुप्ता के द्वारा थाना कोतवाली खलीलाबाद के परिसर में निमार्णाधीन बैरक का स्थलीय निरीक्षण कर भवन निर्माण में प्रयुक्त हो रही निर्माण सामाग्री (ईंट, कंक्रीट, सीमेंट, सरिया आदि) को गुणवत्ता की बारीकी से जांच की गयी तथा निर्माण कार्य में उच्च कोटि की सामाग्री का प्रयोग करने व निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण कराने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। एसपी के द्वारा भवन निर्माण के निरीक्षण हेतु नामित अधिकारी को निरंतर निरीक्षण हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद, प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली खलीलाबाद रविन्द्र कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## करंट लगने से अधेड़ की हुई मौत

प्रखर पूर्वांचल सहजनवां। हरपुर-बुदहट थाना क्षेत्र के ग्राम सभा परमेश्वरपुर के टोला निषाद नगर में 14अक्टूबर दिन शनिवार को एक अधेड़ की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार मोती निषाद पुत्र खोरन निषाद उम्र करीब 60वर्ष निवासी परमेश्वपुर टोला निषाद नगर जिनके घर के पास स्थित ट्रांसफार्मर की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक के पांच बच्चे हैं ग्रामीणों के अनुसार मृतक द्वारा ट्रांसफार्मर हटाने की शिकायत विभाग के जिम्मेदार लोगों से पहले भी कर चुका है उक्त संदभः्में बात करने पर थाना प्रभारी हरपुर-बुदहट प्रभारी महेंद्र मिश्रा ने बताया मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## दिलीप गुप्ता को मुख्यमंत्री योगी ने किया सम्मानित

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। लघु उद्योग भारती उत्तर प्रदेश द्वारा आगरा में उद्यमी महा अधिवेशन का आयोजन किया गया` कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ थे काशी प्रांत के 35 उद्यमियों ने कार्यक्रम मे प्रतिभाग किया। राजेश कुमार सिंह अध्यक्ष काशी प्रांत सहित सभी 6 प्रांतों के अध्यक्षयो ने मुख्यमंत्री जी का स्वागत किया` मुख्य मंत्री योगी आदित्य नाथ द्वारा लघु उद्योग भारती वाराणसी के उपाध्यक्ष पूर्वांचल के प्रमुख उद्यमी मां वैष्णो नंदिनी फूड प्रोडक्ट प्राइवेट लिमिटेड , कारखियाव वाराणसी के दिलीप गुप्ता को मंच पर उद्योग श्री सम्मान से सम्मानित किया गया यह सम्मान पूरे प्रदेश के 11 प्रमुख उद्यमियों को दिया गया। राजेश कुमार सिंह ने बताया कि संगठन द्वारा काशी में उद्यमियों की समस्याओं से संबंधित पत्रक सौंपा गया जिसमे हरी फर्टिलाइजर साहुपुरी की 331एकड़ जमीन सहित औद्योगिक अस्थान



चांदपुर,चिरईगांव, वाराणसी मे उद्योग नही स्थापित किए जाने के कारण वर्षो पूर्व निरस्त औद्योगिक प्लाटो जिसे नए उद्यमियों को आवंटित करने हेतु वर्ष 2018 से 10 प्रतिशत आवेदन शुल्क जिला उद्योग केंद्र वाराणसी में जमा है परंतु जिला उद्योग केंद्र के अधिकारियो के कारण आज तक उक्त भूमि आवंटित नही हो सका है मुख्यमंत्री जी ने उद्योगों को अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताते हुए कहा कि नए उद्योग लगाइए और एक हजार दिन तक एनओसी लेने की छूट है कम खर्चा कम स्थान ज्यादा रोजगार सृजन ज्यादा परिवारों का स्वावलंबन यह सिर्फ लघु उद्योगों से ही संभव है लघु उद्योग भारती संगठन को देश का सबसे बड़ा औद्योगिक संगठन बताते हुए इसके सभी उद्यमियों को सरकार का पूरा सहयोग देने का आह्वाहन किया। सर्वेश श्रीवास्तव, गुलशन मौर्या, ज्योति शंकर मिश्रा, संजय सिंह, दिलीप गुप्ता, राजेश सिंह, विमलेश मौर्या, मनीष चौबे सहित काफी संख्या में उद्यमियों ने भाग लिया।

# भारतीय स्टेट बैंक द्वारा भव्य लोन मेला का आयोजन

**मेले का मुख्य उद्देश्य त्यौहारी सीजन को देखते हुए ग्राहकों को एक ही छत के नीचे सभी सुविधाएं प्रदान करना है - धीरज कुमार**

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। भारतीय स्टेट बैंक द्वारा कचहरी स्थित मुख्य शाखा परिसर में भव्य लोन मेला का आयोजन किया गया ` इस मेले का उद्घाटन धीरज कुमार, उप महाप्रबंधक (व्य.एवं परि.) के कर कमलों द्वारा किया गया इसी तरह का आज लोन मेला एसबीआई की भेलूपुर शाखा, बीएचयू शाखा एवं डीएलडब्ल्यू शाखा में भी आयोजित किया गया` इस मेले में कार लोन, होम लोन, एक्सप्रेस क्रेडिट, पेंशन लोन और गोल्ड लोन जैसी व्यक्तिगत ऋण की सुविधा प्रदान की गई इस मेले में कार की 18 कंपनियों एवं 8 बिल्डरों ने अपने स्टॉल लगाए साथ ही एक्सप्रेस क्रेडिट, पेंशन लोन एवं गोल्ड लोन के स्टॉल भी एक ही छत के नीचे लगाए गए इस अवसर पर उप महाप्रबंधक धीरज कुमार ने कहा कि इस मेले का मुख्य उद्देश्य त्यौहारी सीजन को देखते हुए ग्राहकों को एक ही छत के नीचे सभी सुविधाएं प्रदान करना है` धीरज कुमार ने कहा कि एसबीआई अपने ग्राहकों की आवश्यकता को देखते हुए निरंतर नवोन्मेषी उत्पाद और सेवाएं उपलब्ध कराता है इस लोन मेले की खास बात यह है कि सभी लोन पर प्रोसेसिंग फीस नही ली जा रही है और तत्काल लोन की सैद्धांतिक मंजूरी प्रदान की जा रही है वाराणसी के क्षेत्रीय प्रबंधक सुधांशु श्रीवस्तव ने कहा कि यह लोन मेला निश्चित रूप से ग्राहकों को त्यौहार के दौरान उचित ब्याज दर पर आवश्यकतानुसार ऋण उपलब्ध कराएगा इसके साथ ही वाराणसी शहर में इसके प्रचार-प्रसार के लिए वाहनों द्वारा जनता को सूचना प्रदान की गई है` उप महाप्रबंधक धीरज कुमार ने सभी कार कंपनियों और बिल्डरों के स्टॉल का निरीक्षण किया और उनसे बातचीत कर इस लोन मेले के सफल आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया` इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक के सहायक महाप्रबंधक राघवेंद्र कुमार सिंह, राकेश पाण्डेय, विनय वर्मा, अनिल कुमार, विशारत अली, जितेंद्र सिंह अधिकारी, मुख्य प्रबंधक डॉ. मनीष कुमार गुप्ता, मनोज कुमार गुप्ता, सहायक प्रबंधक अंकुश कुमार उपस्थित थे।



## चोरी के आरोप में अभियुक्त गिरफ्तार



प्रखर पूर्वांचल गोरखपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा चोरी के अपराधों पर अंकुश लगाने एवं आपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक दक्षिणी के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी खजनी के पर्यवेक्षण में, प्रभारी निरीक्षक थाना खजनी के नेतृत्व मे उ0नि0 अरूण कुमार सिंह मय थाना पुलिस टीम के थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 369/2023 धारा 457, 380 भादवि से संबंधित अभियुक्त राकेश चौधरी पुत्र प्रकाश चौधरी निवासी वार्ड न0- 05 उनवल थाना खजनी जनपद गोरखपुर को चोरी के एक अदद जस्ते का बना हुआ दान पात्र तथा 3461 रू0 के साथ गिरफ्तार किया गया । अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## यशवर्धन राय मेमोरियल फाउंडेशन ने बच्चों में वितरित की शिक्षण सामग्री




प्रखर कुशीनगर। यशवर्धन राय मेमोरियल फाउंडेशन ने अपनी स्थापना के एक वर्ष पूरे होने पर शनिवार को हाटा विकास खंड के ग्राम सभा भठही बाबू स्थित प्राथमिक विद्यालय भठही राजा में शिक्षण सामग्री वितरण समारोह का आयोजन कर विद्यालय के बच्चों को कॉपी, पेंसिल, रबर, कटर इत्यादि वितरित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पार्चन से हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते बुद्ध पीजी कॉलेज कुशीनगर के बीएड विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ0 निगम मौर्य ने कहा कि शिक्षा दान सभी दान में सर्वश्रेष्ठ है क्योंकि इसके माध्यम से हर लक्ष्य की प्राप्ति संभव है। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ प्राथमिक संवर्ग के मंडल अध्यक्ष राजेश शुक्ल ने शिक्षण सामग्री वितरण हेतु फाउंडेशन की सराहना करते हुए बच्चों से शिक्षण सामग्री के समुचित उपयोग की बात कही। फाउंडेशन के उप प्रबंधक उपेंद्र राय ने बच्चों को पढ़ने और आगे बढ़ने का मंत्र देते हुए आगे भी जरूरत पड़ने पर सामग्री उपलब्ध कराने को कहा। कार्यक्रम का संचालन प्रबंधक डॉ0 हरिओम मिश्र, अतिथियों का स्वागत प्रधानाध्यापिका शैलवी वर्मा, आभार शिक्षक राजू कुमार ने किया। इस अवसर पर डॉ0 सौरभ द्विवेदी, ग्राम प्रधान सुभाष कान्दू, प्रकाम्य चतुर्वेदी, प्रवीण राव, कृष्णमोहन गौड़, हरगोविंद राव, पेशकार गौड़, किशन, अमन, आशा देवी, रूपा देवी, चंद्रावती देवी इत्यादि उपस्थित रहे।

# प्रजापति समाज ने किया भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह का सम्मान


प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। उप्र प्रजापति कुम्हार संघ द्वारा आज शनिवार को श्री राम जानकी मंदिर रौजा पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह को जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर स्वागत अभिनन्दन किया गया। उ प्र प्रजापति कुम्हार संघ के जिलाध्यक्ष व भाजपा कार्यालय मंत्री राजन प्रजापति के नेतृत्व में सुनील सिंह को अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह व माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर सुनील सिंह ने कहा कि समाज के सबसे कमजोर और असंगठित वर्गो के कल्याण के लिए भारतीय जनता पार्टी ने सदैव समर्पित रुप से काम किया है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अकेला ऐसा राजनैतिक दल है जो समाज के अत्यंत कमजोर वर्ग के लोगों के जीविकोपार्जन के प्रति प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के माध्यम से ध्यान दिया है। लोकसभा संयोजक व पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्णबिहारी राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में समाज का हर वर्ग सम्मान से जीवन यापन कर रहा है।आज सबका साथ सबका विकास कि भावना से चल रही सरकार की विभिन्न योजनाओं से हर व्यक्ति को लाभान्वित होने तथा समाज कि मुख्यधारा से जुडने का सम्मान मिला है। कार्यक्रम संयोजक राजन प्रजापति ने सबके प्रति धन्यवाद आभार व्यक्त करते हुए अतिथियों का स्वागत अभिनन्दन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का शुभारंभ राजा दक्ष प्रजापति के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिला मीडिया प्रभारी शशिकान्त शर्मा, श्याम नारायण प्रजापति, अंबिका प्रजापति, मदन लाल प्रजापति, मनोज कुमार प्रजापति, शिव मूरत प्रजापति, शशिकांत प्रजापति, अखिलेश कुमार प्रजापति, अभिमन्यु प्रजापति, नागेश्वर प्रजापति, राम अवध प्रजापति, नितिश दूबे आदि उपस्थित रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ प्रभुनाथ प्रजापति एवं संचालन संस्था के महामंत्री हीराराम प्रजापति ने किया।




## पुलिस ने किया फाक्सगंज में हुयी निर्मम हत्या का अनावरण, 03 अभियुक्त गिरफ्तार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक गाजीपुर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे चेकिंग अभियान व वाँछित अपराधियों की गिरफ्तारी के क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल पर्यवेक्षण में दिनांक 12 अक्टूबर 23 को ग्राम फाक्सगंज थाना कोतवाली, गाजीपुर क्षेत्र में दूध बेचने जा रहे युवक सिंघासन यादव की हुयी निर्मम हत्या की घटना के सम्बन्ध में वादी मुकदमा राकेश यादव पुत्र राजेन्द्र यादव निवासी बक्सा थाना करण्डा गाजीपुर द्वारा थाना कोतवाली, गाजीपुर पर धारा 302/506 भादवि बनाम मोती यादव पुत्र रामसरन यादव, गजानन्द यादव पुत्र रामसरन यादव, रामाशीष यादव पुत्र शोभनाथ यादव, दीपक यादव पुत्र नन्दकिशोर यादव निवासीगण ग्राम बक्शां थाना करण्डा गाजीपुर के विरूद्ध पंजीकृत कराया गया।

## नहीं रहे समाजसेवी शिवशंकर सिंह, लम्बी बीमारी के बाद हृदय गति रूकने से निधन



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह के ससुर एवं जिले के प्रतिष्ठित व्यवसाई शिवशंकर सिंह उम्र 84 वर्ष का आज पुर्वाह्न 9 बजे हृदय गति रूकने से उनके सैदपुर स्थित कौशिक निवास पर निधन हो गया। वो लम्बे समय से बीमार चल रहे थे। निधन की खबर से भारतीय जनता पार्टी सहित पुरे जिले में शोक की लहर व्याप्त है। जिनकी अंतिम संस्कार आज ही जौहरगंज स्थित श्मशान घाट पर अपराह्न मे सम्पन्न हुई। मुखाग्नि पोते आयुष सिंह ने दिया। अन्तिम संस्कार स्थल पर भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, लोकसभा संयोजक कृष्ण बिहारी राय, पुर्व जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह, जिला महामंत्री प्रवीण सिंह, दयाशंकर पांडेय, ब्लाक प्रमुख राजन सिंह, डा प्रदीप पाठक, जिला मीडिया प्रभारी शशिकान्त शर्मा, मनोज सिंह, मंयक जायसवाल, प्रवीण त्रिपाठी, संतोष चौहान, रघुवंश सिंह पप्पू,अभय सिंह,शशिप्रकाश सिंह, अविनाश सिंह, अभिनव सिंह छोटू, नितिश दूबे, जिले के प्रमुख व्यवसायी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं भाजपा व अन्य दलों के नेता कार्यकर्ता सहित अन्य लोग उपस्थित थे। इस निधन पर भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त किया है।



# बीपी की दवा
## एम्लोडिपाइन उपयोग के लिए सुरक्षित

**न्यूयॉर्क(आईएएनएस)।** एक शोध से यह बात सामने आई है कि उच्च रक्तचाप या रक्तचाप के इलाज के लिए व्यापक रूप से निर्धारित दवा एम्लोडिपाइन मरीजों के लिए खतरनाक नहीं है। इस शोध में भारतीय मूल के वैज्ञानिक भी शामिल हैं। द लांसेट में प्रकाशित इंपीरियल कॉलेज लंदन और डब्ल्यूएचओ के नेतृत्व में उच्च रक्तचाप के प्रसार के रुझानों के हालिया वैश्विक विश्लेषण के अनुसार, पिछले 30 वर्षों में उच्च रक्तचाप से पीड़ित 30-79 वर्ष की आयु के वयस्कों की संख्या 650 मिलियन से बढकर 1.28 बिलियन हो गई है।

ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस द्वारा प्रकाशित जर्नल फंक्शन में एक नए पेपर में पाया गया है कि उच्च रक्तचाप के इलाज के लिए 'एम्लोडिपिन' दवा सुरक्षित है। अमेरिका में नॉर्थ कैरोलाइना में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ रिसर्च में सिग्नल ट्रांसडक्शन प्रयोगशाला के प्रमुख अनंत पारेख ने कहा, फ्रंट-लाइन थेरेपी के रूप में एम्लोडिपाइन को हटाने से उच्च रक्तचाप से होने वाली मौतों में वृद्धि होगी। पारेख ने कहा, अध्ययन बताता है कि एम्लोडिपाइन उच्च रक्तचाप के लिए पहली पंक्ति का उपचार बना रहे। एम्लोडिपाइन एक प्रकार के कैल्शियम चैनल को रोकता है जो रक्त वाहिकाओं पर पाया जाता है। जब कैल्शियम चैनल खुलता है, तो कैल्शियम मांसपेशियों में प्रवेश करता है और उसे संकुचित कर देता है, जिससे रक्तचाप बढ़ जाता है।

एम्लोडिपाइन कैल्शियम को अंदर आने से रोकता है, जिससे वाहिका शिथिल हो जाती है और रक्तचाप में कमी आती है। हाल ही में कुछ शोधकर्ताओं ने उच्च रक्तचाप के इलाज के लिए एम्लोडिपिन के लाभ पर सवाल उठाया था। अध्ययनों से पता चला है कि एम्लोडिपाइन एक अलग प्रकार के कैल्शियम चैनल को सक्रिय कर सकता है, जिसके चलते रक्त वाहिकाओं में परिवर्तन होता है और रोगियों में हृदय विफलता में वृद्धि होती है। उच्च रक्तचाप रोधी दवा के रूप में एम्लोडिपाइन को हटाने से स्वास्थ्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है, क्योंकि उच्च रक्तचाप एक सामान्य स्वास्थ्य स्थिति है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ और ग्लासगो यूनिवर्सिटी की शोध टीमों द्वारा किए गए अध्ययन में पाया गया कि एम्लोडिपाइन लेने से रोगियों में हृदय विफलता में वृद्धि होने की संभावना नहीं है। शोधकर्ताओं ने पाया कि एम्लोडिपाइन में अद्वितीय रासायनिक गुण होते हैं, जिसके कारण दवा कैल्शियम चैनल सक्रियण की नकल करती है। जब अध्ययन के लेखकों ने इन रासायनिक गुणों को नियंत्रित किया, तो उन्होंने पाया कि एम्लोडिपाइन कैल्शियम चैनलों को सक्रिय नहीं करता है। अध्ययन में कहा गया है कि एम्लोडिपाइन हृदय विफलता या अन्य हृदय संबंधी समस्याओं में वृद्धि से जुड़ा नहीं था।

**30** वर्षों में उच्च रक्तचाप से पीड़ित 30-79 वर्ष की उम्र के वयस्कों की संख्या 650 मिलियन से बढकर 1.28 बिलियन हो गई है।

# एक दिन के लिए भारत में ब्रिटेन की उच्चायुक्त बनीं चेन्नई की श्रेया

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर चेन्नई की 21 वर्षीय श्रेया धर्मराजन को एक दिन के लिए भारत में ब्रिटिश उच्चायुक्त नियुक्त किया गया। बता दें कि 11 अक्तूबर को अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाने के लिए ब्रिटेन का उच्चायोग 2017 से हर साल 'एक दिन के लिए उच्चायुक्त'प्रतियोगिता का आयोजन करता आ रहा है। इस प्रतियोगिता 18 से 23 साल के बीच की भारतीय महिलाओं को अपनी ताकत दुनिया के साथ साझा करने का अवसर प्रदान किया जाता है।



श्रेया, जिन्हें देश भर की युवा महिलाओं के 180 से अधिक आवेदनों में से चुना गया था, ने बुधवार को अपने दिन भर के अनुभव को अविश्वसनीय रूप से ज्ञानवर्धक, समृद्ध और संतुष्टिदायक बताया। उन्होंने कहा, भारत में ब्रिटिश उच्चायुक्त के रूप में एक दिन बिताना अविश्वसनीय रूप से ज्ञानवर्धक, समृद्ध और संतुष्टिदायक अनुभव था।

मुझे व्यापक क्षेत्रों में महिला नेतृत्व के प्रेरक उदाहरणों से बातचीत करने और उनसे सीखने का अवसर मिला। मैं भाग्यशाली हूं कि सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में भारत के प्रयासों के बारे में जीवंत चर्चा का हिस्सा बन सकी। दिल्ली के लेडी श्रीराम कॉलेज से राजनीति विज्ञान में स्नातक की डिग्री रखने वाली श्रेया वर्तमान में टीच फॉर इंडिया फेलो के रूप में मुंबई के एक सरकारी स्कूल में पढ़ाती हैं। भारत में यूके की शीर्ष राजनयिक के रूप में, श्रेया ने नई दिल्ली में संयुक्त राष्ट्र कार्यालय में सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को आगे बढ़ाने पर चर्चा का नेतृत्व करते हुए एक व्यस्त दिन के दौरान कई गतिविधियों को निभाया ।



# प्रशंसकों का आशीर्वाद मेरे लिए सबसे अहम
## अमिताभ बच्चन

**मुंबई (आईएएनएस)।** मेगास्टार अमिताभ बच्चन बुधवार को 81 वर्ष के हो गए । उन्होंने अपने प्रशंसकों को शुभकामनाएं देने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि यही उनके 'जीवित रहने और काम करने' का कारण है। बिग बी ने अपने ब्लॉग में घर के बाहर प्रशंसकों का अभिवादन करते हुए कई तस्वीरें साझा कीं। एक फोटो में सिने आइकन को माला पहने हुए दिखाया गया है। अपने प्रशंसकों को धन्यवाद देते हुए उन्होंने लिखा, जब अभिभूत हो तो उन भावनाओं को व्यक्त करना सबसे मुश्किल काम होता है। बिग बी ने कहा कि सभी का आशीर्वाद ही मेरे जीवित रहने और काम करने का कारण है, और क्या मैं कभी भी इन आशीर्वादों के योग्य बन पाऊंगा। अपने जन्मदिन की पूर्व संध्या पर अमिताभ ने आधी रात को अपने प्रशंसकों को आश्चर्यचकित कर दिया, जब वह उनसे मिलने के लिए अपने घर के बाहर आए।



# धर्मेन्द्र ने शेयर किया वर्कआउट वीडियो

**मुंबई, (वार्ता)।** बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता धर्मेन्द्र ने सोशल मीडिया पर अपना वर्कआउट वीडियो शेयर किया है। धर्मेंद्र ने अपने सोशल हैंडल अकाउंट पर अपना एक्सरसाइज करते हुए एक वीडियो शेयर किया है।वीडियो में धर्मेंद्र ब्लू ट्राउजर के साथ प्रिंटेड फुल-स्लीव टीशर्ट पहने नजर आ रहे है। वह साइक्लिग करते हुए दिखाई दिए। वीडियो को शेयर करते हुए धर्मेन्द्र ने कैप्शन में लिखा, दोस्तों मै आपसे बहुत प्यार करता हूं। धर्मेन्द्र के इस वीडियो को उनके फैंस काफी पसंद कर रहे है। धर्मेन्द्र अंतिम बार फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में नजर आए थे।अब वह जल्द ही कई बड़े प्रोजेक्ट्स में दिखाई देंगे।

# अजंता-एलोरा में पाश्चात्य शौचालयों और छायादार बेंचों की मांग

**छत्रपति संभाजीनगर (भाषा)।** भारतीय टूर ऑपरेटर एसोसिएशन (आईएटीओ) ने महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर जिले में स्थित विश्व प्रख्यात अजंता और एलोरा की गुफाओं में पर्यटकों के लिए पाश्चात्य शैली के शौचालयों, छायादार बेंच व अन्य सुविधाओं की मांग की है। आईएटीओ के अध्यक्ष राजीव मेहरा ने कहा कि अजंता परिसर की प्रत्येक गुफा को देखने के लिए 40 आगंतुकों के एक समूह को 15 मिनट दिए जाते हैं। इसे सख्ती से लागू किया जाना चाहिए और



एलोरा गुफाओं में आने वाले पर्यटकों के लिए भी ऐसा ही नियम बनाया जाना चाहिए। आईएटीओ में पर्यटन उद्योग के 1600 से ज्यादा सदस्य शामिल हैं और हाल ही में यहां इसका वार्षिक शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया था।

महाराष्ट्र सरकार, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के संबंधित अधिकारियों और छत्रपति संभाजीनगर के जिलाधिकारी को बुधवार को लिखे एक पत्र में मेहरा ने कहा कि अजंता गुफा परिसर में सिर्फ एक शौचालय है। उन्होंने गुफा में विदेशियों के लिए अनुकूल पाश्चात्य शैली के शौचालयों की मांग की। उन्होंने कहा कि अजंता व्यू प्वाइंट पर मौजूद शौचालय सुविधा केंद्र भी उपयोग में नहीं है।

# विक्की कौशल ने शेयर किया 'सैम बहादुर' का नया पोस्टर

**मुंबई (आईएएनएस)।** बॉलीवुड स्टार विक्की कौशल, जिन्हें हाल ही में 'द ग्रेट इंडियन फैमिली' में देखा गया था, अपनी अगली रिलीज 'सैम बहादुर' के लिए तैयार हैं। उन्होंने गुरुवार को फिल्म का एक नया पोस्टर शेयर किया। फिल्म में विक्की पूर्व सेना प्रमुख सैम मानेकशॉ के मुख्य किरदार में हैं। शुक्रवार को फिल्म के टीजर लॉन्च से पहले पोस्टर शेयर किया गया। पोस्टर में वह खुले मैदान में कैमरे की ओर पीठ करके खड़े हुए नजर आ रहे हैं। पोस्टर पर लिखा है: ज़िदगी उनकी, इतिहास हमारा। पोस्टर को अपने इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए विक्की ने कैप्शन में लिखा, अच्छी तरह से जीने के लिए। सैम मानेकशॉ, एक भारतीय युद्ध नायक, 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान भारतीय सेना के सेनाध्यक्ष थे। वह फील्ड मार्शल के पद पर पदोन्नत होने वाले पहले भारतीय सेना अधिकारी बने। उन्होंने दूसरे विश्व युद्ध में सेवा के साथ अपना करियर शुरू किया और उनका सक्रिय सैन्य करियर चार दशकों और पांच युद्धों तक फैला रहा।





# दुनिया को समझने के तरीके को बदल देता है अकेलापन

**लंदन (द कन्वरसेशन)।** अगर कोई एक चीज़ है जो इंसानों के रूप में हम सब में एक जैसी है, तो वह यह है कि हममें से अधिकांश ने कभी न कभी अकेलापन महसूस किया है। लेकिन क्या सामाजिक रूप से अलग-थलग महसूस करने से होने वाला दर्द इंसान होने का एक हिस्सा है? जब हम अकेलापन महसूस करते हैं तो दुनिया इतनी अलग क्यों लगती है? हाल के शोध ने कुछ उत्तर देना शुरू कर दिया है। और यह पता चला है कि अकेलापन आपकी धारणा और संज्ञान को प्रभावित कर सकता है। हालाँकि कोई भी अकेलेपन की भावना का आनंद नहीं लेता है, वैज्ञानिकों ने तर्क दिया है कि मनुष्य अच्छे कारणों से इस तरह महसूस करने के लिए विकसित हुए हैं। सामाजिक रिश्ते महत्वपूर्ण हैं, जो सुरक्षा, संसाधन, बच्चे पैदा करने के अवसर आदि प्रदान करते हैं। यह तथ्य कि हमें अकेलेपन की भावना इतनी अप्रिय लगती है कि हम इसकी वजह से अक्सर दूसरों के साथ जुड़ने के लिए प्रेरित होते हैं, जो इन सभी लाभों को अपने साथ लाती है। लेकिन यह इतना आसान नहीं है।

### अकेला मस्तिष्क

**अध्ययनों ने अकेलेपन से जुड़े मस्तिष्क क्षेत्रों में अंतर की पहचान की है। अकेले युवा वयस्कों में, सामाजिक अनुभूति और सहानुभूति से संबंधित मस्तिष्क के क्षेत्रों में कम घना सफेद पदार्थ (तंत्रिका तंतुओं का एक बड़ा नेटवर्क जो आपके मस्तिष्क के विभिन्न क्षेत्रों के बीच सूचना और संचार के आदान-प्रदान का काम करता है) होता है। लेकिन अकेले वृद्ध वयस्कों में, संज्ञानात्मक प्रसंस्करण और भावनात्मक विनियमन के लिए महत्वपूर्ण मस्तिष्क क्षेत्र वास्तव में मात्रा में छोटे होते हैं। एक हालिया अध्ययन में पाया गया कि अकेले लोगों का दिमाग दुनिया को अजीब तरीके से संसाधित करता है। शोधकर्ताओं ने प्रतिभागियों से एफएमआरआई स्कैनर के अंदर वीडियो क्लिप की एक श्रृंखला देखने के लिए कहा और पाया कि गैर-अकेले लोगों ने एक-दूसरे के समान तंत्रिका गतिविधि दिखाई, जबकि अकेले लोगों ने मस्तिष्क की ऐसी गतिविधि दिखाई जो उनकी तरह के अन्य प्रतिभागियों और गैर-अकेले लोगों से भिन्न थी।**

### कथा-साहित्य में मित्र ढूँढना

**यह इस बात से भी स्पष्ट है कि अकेले लोग काल्पनिक पात्रों को किस प्रकार देखते हैं। अमेरिका में शोधकर्ताओं ने टेलीविजन श्रृंखला गेम ऑफ थ्रोन्स के प्रशंसकों का मस्तिष्क स्कैन किया, जबकि इन प्रशंसकों ने यह तय किया कि क्या विभिन्न विशेषण शो के पात्रों का सटीक वर्णन करते हैं। अध्ययन के लेखक मस्तिष्क में गतिविधि की पहचान करने में सक्षम थे जो वास्तविक और काल्पनिक लोगों के बीच अंतर करते थे। जबकि गैर-अकेले लोगों में इन दो श्रेणियों के बीच अंतर स्पष्ट था, अकेले लोगों के लिए सीमा धुंधली थी। इन परिणामों से पता चलता है कि अकेलापन महसूस करना वास्तविक दुनिया के दोस्तों की तरह काल्पनिक पात्रों के बारे में सोचने से जुड़ा हो सकता है।**

# तमन्ना का 10वीं का वीडियो वायरल, फैंस को उम्र पर हो रहा शक!



**मुंबई (आईएएनएस)।** एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया की एक क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है, जिसमें वह अपनी पहली फिल्म के लिए इंटरव्यू देती दिखाई दे रही हैं। बता दें कि एक्ट्रेस ने 2005 में फिल्म 'चांद सा रोशन चेहरा' से एक्टिंग करियर की शुरूआत की थीं। फैन पेज अमिता स्पीक्स पर एक पुराना वीडियो शेयर किया गया, जिसमें तमन्ना से उनकी पहली फिल्म के बारे में इंटरव्यू लिया जा रहा है। एक्ट्रेस ने 13 साल की उम्र में अपनी पहली फिल्म साइन की थी। वीडियो में वह ब्लू और ऑरेंज कलर की ड्रेस में नजर आ रही हैं। उन्होंने कहा, मैं अभी स्कूल में हूं। मैं अभी 10वीं क्लास के एग्जाम देने वाली हूं, 2005 में... तो अभी उसी की तैयारियां चल रही है। हालांकि मैंने जब पिक्चर साइन की थी, तब मैं साढ़े 13 साल की थी और अभी मैं 10 क्लास कंप्लीट करने वाली हूं। कई लोगों को यकीन ही नहीं हो रहा था कि एक्ट्रेस क्या कह रही हैं।

# 20 को रिलीज होगी पवन की फिल्म हर हर गंगे

**मुंबई,(वार्ता)।** भोजपुरी सिनेमा के पावर स्टार पवन सिंह की फिल्म हर हर गंगे 20 अक्टूबर को रिलीज होगी। हर हर गंगे का प्रदर्शन बिहार झारखण्ड और उत्तरप्रदेश के सिनेमाघरो में किया जायेगा। पवन सिंह ने बताया कि बेहद ही खूबसूरत फ़िल्म बनी है, जिसमें हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के ड्रीम प्रोजेक्ट नमामि गंगे की भी झलक है। सिलेमा आर्ट्स प्राईवेट लिमिटेड के बैनर तले बनी फिल्म हर हर गंगे के निर्माता अभय सिंह, एके पाण्डेय,वाई आर वर्मा है।



# चोटों के कारण डांस से दूर हो जाने के बाद राघव जुयाल मायूस

**मुंबई (आईएएनएस)।** चोट के कारण अभिनेता-डांसर राघव जुयाल अपने सच्चे जुनून डांस को मिस कर रहे हैं। राघव ने कहा कि चुनौतियों ने मेरी यात्रा का मार्ग बदल दिया है, लेकिन चुनौतियां मेरे जुनून को कम नहीं कर सकती। मैंने हमेशा अपनी भावनाओं को व्यक्त करने में सक्षम होने के लिए नृत्य किया है और अभिनय भी अब यही बन गया है। उन्होंने आगे कहा कि चोटों के बाद मुझे ऐसा लगा कि यह एक बड़ी बाधा है और तभी अभिनय का उदय हुआ और ईमानदारी से कहूं तो इसने मुझे बचा लिया। अभिनय मेरी रचनात्मकता के लिए एक नया कैनवास बन गया है, जो मुझे भावनाओं को एक अलग ब्रश से चित्रित करने की अनुमति देता है। जबकि डांस हमेशा मेरा पहला प्यार रहेगा। राघव ने कहा कि यह मेरे लिए अपनी रचनात्मकता को प्रसारित करने और दर्शकों के साथ गहन स्तर पर जुड़ने का एक तरीका है। उन्होंने कहा कि डांस का हमेशा मेरे दिल में एक विशेष स्थान रहेगा। अभिनय ने मेरे लिए नए क्षितिज खोले हैं। यह खुद को चुनौती देने, विभिन्न भावनाओं का पता लगाने और लोगों के साथ एक अनोखे तरीके से जुड़ने का एक तरीका है, एक तरह से अभिनय शब्दों और भावनाओं के साथ डांस करने जैसा है, और मैं इस यात्रा को और आगे बढ़ाने के लिए उत्साहित हूं। जुयाल ने हालिया इंस्टाग्राम पोस्ट में एक मार्मिक थ्रोबैक वीडियो के साथ टिप्पणी करते हुए कहा, ऐसा लगता है कि मेरा एक हिस्सा गायब है।



# जन्मदिन पर तोहफे में मिला था 'शोले' का टिकट : चिरंजीवी

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** अभिनेता और फिल्म निर्माता चिरंजीवी ने पुराने दिनों को याद करते हुए बताया कि उनके पिता कोनिडेला वेंकट राव ने उनके जन्मदिन पर सबसे कीमती उपहार के तौर पर उन्हें मेगास्टार अमिताभ बच्चन की प्रतिष्ठित फिल्म 'शोले' की टिकट दी थी। चिरंजीवी ने मेगास्टार द्वारा होस्ट किए जाने वाले क्विज-आधारित रियलिटी शो 'कौन बनेगा करोड़पति' सीजन 15 के एपिसोड 43 में अमिताभ बच्चन के प्रति अपना प्यार और स्नेह व्यक्त किया है। नए एपिसोड में बच्चन का 81वां जन्मदिन मनाया गया। 'केबीसी' के सेट पर एक वीडियो संदेश चलाया गया जो चिरंजीवी का था। वीडियो में चिरंजीवी ने कहा कि 22 अगस्त, 1975 को मेरा जन्मदिन था और मुझे अपने जन्मदिन पर अपने पिता से सबसे कीमती उपहार मिला। यह शोले का टिकट था।

# देश का निर्यात 2.6% घटकर 34.47 अरब डॉलर पर, व्यापार घाटा भी कम

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देश का निर्यात इस साल सितंबर में 2.6 प्रतिशत घटकर 34.47 अरब डॉलर रहा। शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार सितंबर में आयात भी 15 प्रतिशत घटकर 53.84 अरब डॉलर रहा। लगातार 10वें महीने आयात में गिरावट देखी गई। इससे व्यापार घाटा कम होकर 19.37 अरब अमेरिकी डॉलर रहा।

चालू वित्त वर्ष 2023-24 में अप्रैल-सितंबर के दौरान निर्यात 8.77 प्रतिशत घटकर 211.4 अरब डॉलर रहा। वहीं इन छह महीनों में आयात 12.23 प्रतिशत गिरकर 326.98 अरब डॉलर रहा।

## सितंबर में आयात भी 15 प्रतिशत घटकर 53.84 अरब डॉलर पर

### 0.8 प्रतिशत बढ़ेगा वैश्विक व्यापार

विश्व व्यापार संगठन ने अनुमान लगाया है कि 2023 में वैश्विक व्यापार केवल 0.8 प्रतिशत बढ़ेगा। बर्थवाल ने कहा कि इसके बावजूद भारत का निर्यात क्षेत्र 'अच्छा' कर रहा है और वास्तव में कार्यालय उपकरणों के लिए तुर्की और दवा निर्माण के लिए फिनलैंड, माल्टा तथा फिलीपीन जैसे नए बाजारों में भी प्रवेश कर रहा है। आयात में गिरावट के कारणों के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि देश की आयात में कमी लाने की नीति अच्छी तरह से काम कर रही है। साथ ही कच्चे तेल सहित वैश्विक जिंस की कीमतें भी कम हो गई हैं।



### सकारात्मक वृद्धि की उम्मीद

वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने निर्यात-आयात आंकड़ों पर मीडिया को जानकारी देते हुए कहा कि सितंबर के आंकड़े बता रहे हैं कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद निर्यात के मोर्चे पर आशा की किरण नजर आ रही है। उन्होंने शेष छह महीनों में देश के निर्यात में सकारात्मक वृद्धि की उम्मीद जताई। बर्थवाल ने कहा कि अप्रैल, मई, जून और जुलाई में जो संकुचन दोहरे अंकों में था, वह अब एकल अंकों में है। यह एक उम्मीद है जो आने वाले महीनों में भी देखने को मिलेगी।

### चीन के निर्यात व आयात में 6.2 प्रतिशत गिरावट

**हांगकांग।** चीन के निर्यात और आयात दोनों में सालाना आधार पर सितंबर में गिरावट दर्ज की गई। हालांकि, कमजोर वैश्विक मांग के बावजूद गिरावट धीमी रही। शुक्रवार को जारी सीमा शुल्क आंकड़ों के अनुसार, सितंबर में निर्यात लगातार पांचवें महीने गिरावट के साथ 6.2 प्रतिशत घटकर 299.13 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया। आयात भी 6.2 प्रतिशत घटकर 221.43 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। चीन ने 77.71 अरब अमेरिकी डॉलर का व्यापार अधिशेष दर्ज किया, जो अगस्त के 68.36 अरब अमेरिकी डॉलर से अधीक है।

## खबर संक्षेप

### ईम्को को उपकरण की आपूर्ति का मिला ठेका




**नई दिल्ली।** खनन मशीनरी व उपकरण विनिर्माण कंपनी ईम्को एलेकॉन (इंडिया) लिमिटेड को जेएमएस माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड को कोयला खनन उपकरण की आपूर्ति करने का ठेका मिला है। अनुबंध 38.96 करोड़ रुपए का है। अनुबंध के तहत उपकरणों की आपूर्ति 27 जनवरी 2026 को या उससे पहले करनी होगी।

### ल्यूपिन को जेनेरिक दवा के लिए मिली मंजूरी



**नई दिल्ली।** दवा निर्माता कंपनी ल्यूपिन को दिन में अत्यधिक नींद आने की समस्या को कम करने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली एक जेनेरिक दवा को अमेरिकी बाजार में बेचने के लिए अमेरिकी स्वास्थ्य नियामक से मंजूरी मिल गई है। कंपनी इस दावा के लिए अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन से अस्थायी मंजूरी मिल गई है।

### भारतीय पेटेंट कार्यालय 900 लोगों की करेगा भर्ती



**नई दिल्ली।** भारतीय पेटेंट कार्यालय बौद्धिक संपदा आवेदनों की बढ़ती संख्या से निपटने के मकसद से 900 और लोगों को नियुक्त करेगा। एक शीर्ष सरकारी अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। विभाग के सचिव राजेश कुमार सिंह ने बताया कि 2016 के बाद से पेटेंट दाखिल करने में दस गुना और ट्रेडमार्क आवेदन दाखिल करने में छह गुना वृद्धि हुई है।

### अमेरिका देगा रोजगार प्राधिकरण कार्ड




**वाशिंगटन।** अमेरिका ने ग्रीन कार्ड की प्रतीक्षा कर रहे लोगों सहित कुछ गैर-आप्रवासी श्रेणियों को पांच साल के लिए रोजगार प्राधिकरण कार्ड प्रदान करने की घोषणा की है। हजारों भारतीयों को फायदा मिलेगा। वह कुछ गैर-नागरिकों के लिए प्रारंभिक तथा नवीनीकरण ईएडी के लिए रोजगार प्राधिकरण दस्तावेजों की अधिकतम वैधता अवधि को पांच साल तक बढ़ा रहा है।

### इनड्राइव ने शुरू की माल ढुलाई सेवा

inDrive

**नई दिल्ली।** सहकर्मी-से-सहकर्मी वैश्विक वाहन तथा शहरी सेवा मंच इनड्राइव ने दिल्ली-एनसीआर और मुंबई सहित तीन शहरों में माल ढुलाई सेवाओं की शुरुआत के साथ घरेलू लॉजिस्टिक्स बाजार में प्रवेश की घोषणा की। लागत प्रभावी माल परिवहन सेवाओं की अपार क्षमता तथा मांग को पहचानने के बाद भारतीय बाजार में कदम रखा है।

## आरबीआई ने पॉलिसी रेट में नहीं किया कोई बदलाव

# महंगाई से मिलेगी राहत, खुदरा दर 6 फीसदी रहने का अनुमान

*जुलाई में 15 महीने के उच्च स्तर पर थी महंगाई*

*गौरतलब है कि जुलाई में रिटेल इनफ्लेक्शन 15 महीने के उच्चतम स्तर 7.44 प्रतिशत पर पहुंच गई थी, उस समय देश में सब्जियों, खासकर टमाटर की कीमतें आसमान छू रही थीं। इसके बाद कुछ राहत मिली और अगस्त में यह मामूली गिरावट के साथ 6.83 प्रतिशत पर आ गई, लेकिन महंगाई दर अभी भी चिंता का विषय बनी हुई है।*

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

जुलाई में 7 फीसदी... अगस्त में 6.83 फीसदी, देश में खुदरा महंगाई दर लगातार केंद्रीय बैंक के दायरे से बाहर बनी हुई है। हालांकि, आरबीआई ने महंगाई बढ़ने के बावजूद पॉलिसी रेट में कोई बदलाव नहीं किया है। शनिवार को सितंबर महीने में सीपीआई के आंकड़े जारी होने वाले हैं और लोगों को इस बार महंगाई से राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। एक्सपर्ट्स इसके 6 फीसदी के रहने का अनुमान जाहिर कर रहे हैं, जो फेस्टिव सीजन में आम जनता के लिए बड़ी राहत होगी।

भारतीय रिजर्व बैंक के तय दायरे से ऊपर पहुंची महंगाई दर से आम जनता को राहत मिल सकती है। आरबीआई ने रिटेल इनफ्लेक्शन रेट को 2-6 फीसदी के दायरे में रखने का लक्ष्य तय किया है। लेकिन जुलाई 2023 में महंगाई दर में एक बार फिर उछाल आया था और ये 7 फीसदी के पार निकल गई थी, वहीं अगस्त 2023 में भी ये दायरे के ऊपर ही रही और 6.83 फीसदी रिकॉर्ड की गई। लेकिन अब इकोनॉमिस्ट इसके 5.3-5.6 फीसदी पर आने का अनुमान जता रहे हैं।

### राहत का दिखेगा असर





बीते दो महीने में इनफ्लेक्शन बढ़ाने में टमाटर, प्याज समेत अन्य चीजों के दाम में तेजी का प्रभाव देखने को मिला था, लेकिन अब इनकी कीमतों में गिरावट देखी जा रही है और सरकार ने एलपीजी सिलेंडर की कीमतों पर भी लोगों को राहत दी है, तो इसका असर खुदरा महंगाई पर पड़ेगा।

### सस्ती हुई खाने की थाली



इसके अलावा क्रिसिल के भोजन की थाली की लागत के मासिक संकेतक से यह कहा जा सकता है कि टमाटर की कीमतों में गिरावट से सितंबर में शाकाहारी और मांसाहारी थालियों की कीमत में महीने दर महीने क्रमशः 17 प्रतिशत और 9 प्रतिशत की कमी आई है। वहीं ईंधन की लागत, जो शाकाहारी और मांसाहारी थालियों की कुल लागत का क्रमशः 14 प्रतिशत और 8 प्रतिशत है, सितंबर में लगभग 18 प्रतिशत कम हो गई क्योंकि 14.2 किलोग्राम एलपीजी सिलेंडर की कीमत कम हुई है। एलपीजी सिलेंडर राजधानी दिल्ली में 1,103 रुपये से घटकर 903 रुपए का हो गया है। जेएम फाइनेंशियल ने अपने एक ताजा नोट में कहा कि सितंबर महीने में खुदरा महंगाई दर औसतन 5.5-5.6 प्रतिशत रहने की संभावना है।




### फूड-फ्यूल की कीमतों में कमी का दिखेगा असर

बिजनेस टुडे के मुताबिक, बार्कलेज के एमडी और ईएम एशिया इकोनॉमिक्स के प्रमुख राहुल बाजोरिया का कहना है कि सीपीआई अगस्त में 6.83 फीसदी से घटकर सितंबर में 5.30 फीसदी पर आने का अनुमान है। खाद्य और ईंधन पर महंगाई में कमी से हेडलाइन मुद्रास्फीति में नरमी आ सकती है। उन्होंने अनुमान जाहिर करते हुए कहा कि सितंबर में महीने दर महीने खुदरा महंगाई -0.9 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिल सकती है, जबकि अगस्त में -0.1 प्रतिशत की गिरावट आई थी।

# दो हजार रुपए के नोट बदलने आरबीआई बैंकों में लगी कतारें

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



■ आरबीआई ने इस साल 19 मई को 2,000 रुपए के नोट वापस लेने की घोषणा की थी

वाणिज्यिक बैंकों के 2,000 रुपए के नोट लेना बंद करने के बाद लोगों ने अब उच्च मूल्यवर्ग के नोट बदलने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक के 19 कार्यालयों में कतारें लगानी शुरू कर दी हैं। आरबीआई ने इस साल 19 मई को 2,000 रुपए के नोट वापस लेने की घोषणा की थी। इस नोट की शुरुआत 2016 में नोटबंदी के बाद हुई थी। उस समय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 500 रुपए और 1000 रुपए के नोट को चलन से वापस लेने की घोषणा की थी।

अपनी ताजा घोषणा में आरबीआई ने जनता और संस्थाओं से कहा था कि 2,000 रुपए के नोट को 30 सितंबर तक बैंक शाखा में जाकर जमा कर दें या बदल लें। बाद में इस तारीख को सात अक्टूबर तक बढ़ा दिया गया।

इसके बाद बैंक शाखाओं में इन नोटों को जमा करने या बदलने की सुविधाएं बंद कर दी गईं।

### 3.43 लाख करोड़ रुपए के नोट वापस आए : दास

पिछले शुक्रवार को आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा था कि 2,000 रुपए के कुल 3.43 लाख करोड़ रुपए के नोट वापस आ गए हैं और लगभग 12,000 करोड़ रुपए के ऐसे नोट अभी भी चलन में हैं। लोग 2,000 रुपए के नोट बदलने के लिए दिल्ली सहित आरबीआई के विभिन्न कार्यालयों में कतारों में खड़े देखे गए। व्यक्ति या संस्थाएं आरबीआई के 19 कार्यालयों में एक बार में 20,000 रुपए की सीमा तक 2,000 रुपए के नोट बदल सकते हैं।

# विदेशी मुद्रा भंडार 2.17 अरब डॉलर घटकर 584.74 अरब डॉलर पर

एजेंसी ⏭ मुंबई



देश का विदेशी मुद्रा भंडार छह अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में 2.17 अरब डॉलर घटकर 584.74 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

■ 2021 विदेशी मुद्रा भंडार 645 अरब डॉलर पर पहुंच गया था

इससे पिछले सप्ताह देश का कुल मुद्रा भंडार 3.79 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 586.91 अरब डॉलर था। अक्टूबर 2021 में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 645 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। छह अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 70.7 करोड़ डॉलर घटकर 519.53 अरब डॉलर रही।डॉलर में अभिव्यक्त की जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियों में यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं में घट-बढ़ के प्रभावों को भी शामिल किया जाता है। स्वर्ण भंडार का मूल्य 1.42 अरब डॉलर घटकर 42.31 अरब डॉलर रहा।


आंकड़ों के अनुसार, विशेष आहरण अधिकार 1.5 करोड़ डॉलर घटकर 17.92 अरब डॉलर रहा।

### रुपया दो पैसे की गिरावट के साथ 83.26 प्रति डॉलर पर बंद

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया शुक्रवार को दो पैसे की गिरावट के साथ 83.26 (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी बाजारों में कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और घरेलू शेयर बाजार में गिरावट के रुख के कारण अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनियम बाजार में रुपये में गिरावट आई। खुदरा मुद्रास्फीति और औद्योगिक उत्पादन के सकारात्मक आंकड़ें स्थानीय मुद्रा में तेजी लाने में विफल रहे। इसका कारण डॉलर के मजबूत रहने और विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी बाजार से धन निकासी के कारण रुपये पर दवाब रहा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनियम बाजार में रुपया 83.25 प्रति डॉलर पर खुला।

## बिजनेस साइट

### श्री शिवम दुर्ग का ग्रैंड रिलॉन्चिग सेलीब्रेशन ऑफर 15 से 21 अक्टूबर तक




रायपुर। श्री शिवम दुर्ग के संतरा बाड़ी मे अब बहुत खास मौका आ रहा है, जब अपनी नई साज-सज्जा व भव्यता के साथ पहले से बेहतर, पहले से बड़े व विशेष जगमगाहट के साथ, श्री शिवम का शोरूम ग्राहकों को ज्यादा लुभायेगा। श्री शिवम दुर्ग को उसके ग्राहकों का भरपूर प्यार व विश्वास मिला, जिसके कारण आज यह सफलता के इस मुकाम तक पहुंच सका है। जनता के प्यार के लिये आभार व्यक्त करने श्री शिवम दुर्ग मे खास रूप से ग्रैंड रिलांचिंग सेलीब्रेशन ऑफर लाया गया है, जिसमें 15 से 21 अक्टूबर तक खरीददारी के लिये आने वाले ग्राहकों को 5000 रूपयों की खरीदी पर 1000/- के बायबेक वाऊचर का फायदा मिलेगा।

श्री शिवम के डायरेक्टर श्री संजय भट्टड़ ने कहा कि एक लम्बे समय तक ग्राहकों के प्यार विश्वास का ही नतीजा है कि हम श्री शिवम मे हजारो ग्राहको का दिल जीत सके, इसके लिये हम उनके प्रति आभार व्यक्त करने श्री शिवम दुर्ग की रिलांचिंग सेलीब्रेशन ऑफर पेश किया जा रहा है। मेन, वुमेन व किड्स वियर की विशाल नवीनतम रेंज के साथ श्री शिवम अपने न्यू लुक में ग्राहको को लुभायेगा। श्री शिवम में ग्राहकों को अपनी पसंद के अनुरूप, परिधानों की भव्य रेंज देखने को मिलती है। ग्राहकों की संतुष्टि को प्राथमिकता मानने वाले श्री शिवम की खास बात यह है कि यहाँ हर त्योहार उत्सव व विवाह के बड़े अवसरों के लिये दूसरो से अलग दिखने की इच्छा रखने वालों को सब तरह की रेंज मिल जाती है जिनमें सभी प्रतिष्ठित नेशनल व इंटरनेशनल ब्रांड्स शामिल होते है।

### श्री नारायणा हॉस्पिटल में रोबोटिक पार्शियल नी रिप्लेसमेंट सर्जरी सफलतापूर्वक संपन्न



रायपुर। हरियाणा के 52 वर्षीय ओमवीर को पिछले कुछ माह से सीवियर आर्थराइटिस की शिकायत थी, उनके दोनी घुटनों में सूजन और अंदर की तरफ हमेशा तेज असहनीय दर्द बना रहता था, जिस की वजह से उन्हें चलने फिरने में, सीढ़ियां उतरने चढ़ने और यहां तक की अपने दैनिक रूटीन के कामों में भी किसी का सहारा लेना पड़ता था। देवेंद्र नगर, रायपुर स्थित श्री नारायणा हॉस्पिटल लाने पर मरीज की प्रारंभिक जांच में उन्हें बाइलेटरल मेडिकल कमपार्टमेन्ट ओसटीओ-अर्थराइटिस डायग्नोस हुआ। सामान्यतः मेडिकली घुटने में तीन कंपार्टमेंट होते हैं और आमतौर पर देखा गया है की उम्र बढ़ने के साथ-साथ आर्थराइटिस होने पर इन तीनों में से केवल एक ही कंपार्टमेंट डैमेज होता है, बाकी के दो कंपार्टमेंट लगभग नॉर्मल ही रहते हैं, इस मरीज के घुटने का अंदरूनी एक ही कंपार्टमेंट डैमेज मिलने पर रोबोटिक नी रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ. प्रीतम अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ में सर्वप्रथम रोबोटिक पार्शियल नी रिप्लेसमेंट टेक्निक से आधे घुटने की नी रिप्लेसमेंट रोबोटिक सर्जरी करने का फैसला लिया, जैसा कि हम जानते हैं कि रोबोटिक टोटल नी रिप्लेसमेंट सर्जरी में तीनों ही कंपार्टमेंट को रिप्लेस किया जाता है, लेकिन इस अत्याधुनिक पार्शियल रोबोटिक नी रिप्लेसमेंट सर्जरी में केवल डैमेज हुए कंपार्टमेंट को ही रिप्लेस किया जाता है। इसी तकनीक से मरीज ओमवीर के घुटनों में छोटा सा चीरा लगाकर घुटने के 30% डैमेज पार्ट को रोबोट द्वारा इंप्लांट लगाकर रिप्लेस किया गया और बाकी के 70% पार्ट को छुआ भी नहीं गया, जिसके कारण घुटने का नेचुरल सेंसेशन और बायोमैकेनिक्स, दोनों स्वतः ही मेंटेन रहा, जिससे सर्जरी होने के चार घंटों के बाद ही मरीज के पैरों में मूवमेंट प्रारंभ हो गया और अगले दिन से ही उसका चलना-फिरना, सीढियां उतरना चढ़ना आदि पूर्ववत प्रारंभ हो गया और अब वह पहले की भांति पैन फ्री लाईफ एन्जॉय कर रहा है। डॉ. प्रीतम अग्रवाल ने बताया कि कूविस कंपनी के फुल्ली आटोमेटिक रोबोटिक सिस्टम द्वारा यह सर्जरी की गई वर्तमान में इस सेगमेंट की टेक्नोलॉजी में लगातार इंप्रूवमेंट होते रहने की वजह से पार्शियल नी रिप्लेसमेंट के ज्वाइंट्स की लाइफ और टोटल नी रिप्लेसमेंट के ज्वाइंट्स की लाइफ एक बराबर हो गई है। श्री नारायणा हॉस्पिटल के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. सुनील खेमका ने कहा कि हम अपने प्रांत छत्तीसगढ़ के आर्थराइटिस के मरीजों को बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने हेतु कृत संकल्पित हैं और श्री नारायणा हॉस्पिटल में संपूर्ण विश्व में वर्तमान में प्रचलित ऐसी ही अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी को हमेशा आत्मसात करते हुए प्रयुक्त करने हेतु हम प्रतिबद्ध है, ताकि हमारे मरीज पूर्णतया दर्द मुक्त जीवन जीने का आनंद उठा सकें.

# त्योहारों के शुरू होने से पहले सरकार का बड़ा फैसला चावल के दाम कम कर जनता को राहत देने की तैयारी

घरेलू बाजार में चावल की कीमतों पर लगाम लगाने के लिए केंद्र सरकार त्योहार से पहले बड़ा कदम उठाने जा रही है। तिवारी सीजन की शुरूआत से पहले सरकार की ओर से जनता के लिए यह बड़ा तोहफा दिए जाने की तैयारी है। केंद्र सरकार ने एक्सपोर्ट ड्यूटी को 31 मार्च 2024 तक के लिए बढ़ाने का फैसला कर लिया है। इस संबंध में विदेश मंत्रालय भी नोटिफिकेशन जारी कर चुका है। बता दें कि इससे पहले अगस्त के महीने में केंद्र सरकार ने चावल की कीमतों पर लगाम लगाने के उद्देश्य से फैसला किया था कि उबले चावल के निर्यात पर 20 फीसदी एक्सपोर्ट ड्यूटी लगाई जाएगी। इस समय सरकार का ये फैसला 16 अक्टूबर तक के लिए में था। सरकार का ये कदम गैर बासमती चावलों की कीमत को काबू में लाने के लिए अहम है। भारत से निर्यात होने वाला चावल में से 25 प्रतिशत चावल गैर बासमती होता है। इसी कड़ी में सरकार ने शुक्रवार को बड़ा फैसला किया है। सरकार ने शुक्रवार को उसना चावल पर निर्यात शुल्क की अवधि अगले साल मार्च तक बढ़ा दी। इस संबंध में वित्त मंत्रालय ने अधिसूचना भी जारी कर दी है। वित्त मंत्रालय ने अपनी अधिसूचना में कहा कि उसना (सेला) चावल पर निर्यात शुल्क की अवधि को बढ़ाकर 31 मार्च, 2024 कर दिया गया है। पहले लगाए के शुल्क के साथ ही अब भारत सरकार ने फिर बड़ा कदम उठाया है। इसी कड़ी में सभी तरह के गैर-बासमती चावल के निर्यात पर पाबंदी लगा दी है। गौरलतब है कि सरकार महंगाई को कम करने के लिए लगातार कदम उठा रही है। इस पहले तक आओगे बासमती चावल के एक्सपोर्ट पर बैन भी लगा चुकी है। टूटे चावलों के निर्यात पर पिछले साल से ही रोक लगी हुई है। इस फाइनेंशियल ईयर की बात करें तो अप्रैल से जून तक 15.54 लाख टन गैर बासमती सफेद चावल का निर्यात हुआ था जबकि बीते वर्ष 11.55 लाख टन का ही निर्यात हुआ था। सरकार के पैसे के बाद अब चावलों पर एक्सपोर्ट ड्यूटी लगाई जाएगी जिससे इनका निर्यात कम होगा। इस कदम से चावल की कीमतों में गिरावट आने की संभावना बढ़ गई है। त्योहारों के शुरू होने से पहले सरकार लगातार कीमतों पर लगाम कसने की कोशिश कर रही है। सरकार के प्रयासों का फल है कि खाद्य वस्तुओं में गिरावट के बाद खुदरा महंगाई कम हुई है।



## आईटी शेयरों में बिकवाली होने से बाजार नुकसान में रहा

# बाजार दूसरे दिन भी गिरा, सेंसेक्स 125 अंक फिसला

एजेंसी ⏭ मुंबई

घरेलू शेयर बाजार उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट के साथ बंद हुए। वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख के बीच बैंक, वित्तीय और चुनिंदा आईटी शेयरों में बिकवाली होने से बाजार नुकसान में रहा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 125.65 अंक यानी 0.19 प्रतिशत गिरकर 66,282.74 पर बंद हुआ।

हालांकि शुरुआती कारोबार में यह बड़ी गिरावट के साथ खुला था और एक समय करीब 513 अंक तक लुढ़कते हुए 65,895.41 अंक पर आ गया था। लेकिन कारोबार समाप्त होने से पहले वाहन शेयरों में खरीदारी आने से स्थिति सुधरी और इसने नुकसान की कुछ हद तक भरपाई कर ली।

### रियल्टी शेयरों में बढ़त

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजीत मिश्रा ने कहा, अलग-अलग खंडों में मिलेजुले रुझान रहने से कारोबारी व्यस्त रहे। वाहन एवं रियल्टी शेयरों में अच्छी बढ़त रही जबकि बैंक एवं आईटी शेयरों को नुकसान हुआ। वाहन खंड में 0.87 प्रतिशत और रियल्टी खंड में 0.41 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई जबकि बैंक सूचकांक में 0.75 प्रतिशत और आईटी सूचकांक में 0.66 प्रतिशत की गिरावट रही।



### एक्सिस बैंक को नुकसान

सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से एक्सिस बैंक को सर्वाधिक 2.33 प्रतिशत का नुकसान उठाना पड़ा। इसके अलावा इन्फोसिस, एसबीआई, विप्रो, एचडीएफसी बैंक, जेएसडब्ल्यू स्टील और टाटा स्टील में भी गिरावट रही।दूसरी तरफ टाटा मोटर्स, इंडसइंड बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, नेस्ले इंडिया और मारुति सुजुकी के शेयरों में बढ़त दर्ज की गई। व्यापक बाजार में बीएसई मिडकैप सूचकांक 0.05 प्रतिशत गिर गया जबकि स्मॉलकैप सूचकांक में 0.04 प्रतिशत की गिरावट रही।

### एशियाई बाजारों में गिरावट

विश्लेषकों के मुताबिक, अमेरिकी 10-वर्षीय बॉन्ड का प्रतिफल बढ़ने और एशियाई बाजारों में गिरावट ने घरेलू बाजारों को नकारात्मक रूप से प्रभावित किया। बॉन्ड प्रतिफल बढ़ने से अमेरिकी बाजारों में गिरावट रहने का असर एशियाई बाजारों पर पड़ा। चीन के कमजोर व्यापार आंकड़ों ने भी शंघाई कंपोजिट, जापान के निक्की और हांगकांग के हैंगसेंग को नीचे लाने का काम किया। यूरोप में फ्रांस, जर्मनी और ब्रिटेन के शेयर बाजारों में भी गिरावट का रुख देखने को मिला।

# वर्ल्ड कप : 22 गज की पिच में नहीं भावनाओं में उबाल, 'युद्ध' से कम नहीं भारत-पाक मैच

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

रोहित शर्मा का संतुलन, विराट कोहली का जज्बा और जसप्रीत बुमराह की कलात्मकता भारत को शनिवार को यहां होने वाले विश्व कप मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ जीत का प्रबल दावेदार बनाते हैं। इस मुकाबले का हालांकि सामाजिक-राजनीतिक संदर्भ भी है और इसका असर 22 गज की पिच के इतर भी होगा। महेंद्र सिंह धोनी को कभी भी भारत-पाक मुकाबलों के संबंध में 'युद्ध' और 'बदला' जैसे शब्दों का इस्तेमाल पसंद नहीं आया लेकिन दोनों टीम के बीच मुकाबलों के इतिहास और पिछले कुछ वर्षों में बढ़ी कड़वाहट को नजरअंदाज करना बहुत मुश्किल है जो दीवाने प्रशंसकों को इसे 'सिर्फ एक अन्य मैच नहीं' बल्कि 'सबसे बड़े मुकाबले' के रूप में देखने को मजबूर करती है। अभी भी ऐसे लोग बड़ी संख्या में हैं जो सोचते हैं कि 'विश्व कप जीते या नहीं, बस पाकिस्तान को हरा दें।'

## पाक में स्पिनरों की कमी

स्तरीय स्पिनरों की कमी के कारण भी पाकिस्तान की राह मुश्किल होगी। पाकिस्तान के उप कप्तान शादाब खान ने दो मैच में 16 ओवरों में 100 रन दिए हैं और वह नई गेंद के गेंदबाज हसन अली के साथ भारतीयों के लिए आसान लक्ष्य हो सकते हैं। दूसरे स्पिनर को भी नहीं भूलना चाहिए जो अब तक पाकिस्तान की कमजोर कड़ी रहा है।

## कुलदीप-बाबर में जंग

पाकिस्तान की बल्लेबाजी उसके कप्तान बाबर आजम पर निर्भर है। कुलदीप यादव के साथ बाबर की भिड़ंत रोमांचक होगी। बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर की लेग ब्रेक ने 2019 में मैनचेस्टर में बाबर को परेशानी में डाल दिया था। कुलदीप बीच में खराब फॉर्म से जूझ रहे थे लेकिन अब फिर लय में लौट चुके हैं और बाबर तथा उनकी टीम को परेशान कर सकते हैं।





## भावनाओं में होगा उबाल

यह एक ऐसा मैच है जहां भावनात्मक पहलू भी भूमिका निभाते हैं और इसने पिछले कुछ वर्षों में समान संख्या में नायक और खलनायक पैदा किए हैं। जावेद मियांदाद और चेतन शर्मा, सलीम मलिक और मनिंदर सिंह, अजय जडेजा और वकार यूनिस, ऋषिकेश कानिटकर और सकलेन मुश्ताक, सचिन तेंदुलकर और शोएब अख्तर, विराट कोहली और वहाब रियाज, जोगिंदर शर्मा और मिसबाह उल हक से पूछें। यह प्रतियोगिता पीड़ा और परम आनंद, खुशी और दिल तोड़ने वाले उदाहरणों से भरी हुई है, जो कभी खत्म नहीं होते।




## रन नहीं आग उगल रहे भारतीय बल्ले

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा शानदार फार्म में हैं। डेंगू के बाद शुभमन गिल अच्छी तरह से ठीक हो रहे हैं। पुल शॉट का माहिर यह खिलाड़ी अपने वर्चस्व को फिर से स्थापित करना चाहेगा जिससे कि कोहली, श्रेयस अय्यर और लोकेश राहुल जैसे खिलाड़ियों के लिए मजबूत मंच तैयार हो।

## बुमराह, सिराज से निपटना आसान नहीं

कोलंबो में एशिया कप मैच इसका उदाहरण है लेकिन कुलदीप तक पहुंचने के लिए पाकिस्तान को जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज के शुरुआती स्पैल से निपटना होगा। रिजवान और शफीक को पता होगा कि बुमराह और सिराज के खिलाफ रन बनाना मथीसा पथिराना को पीटने से कहीं अधिक चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

## आकर्षण और घटनाएं करती रहीं रोमांचित

दरअसल विश्व कप में भारत बनाम पाकिस्तान के सभी मुकाबले एकतरफा रहे हैं जहां भारत ने मैच के औपचारिक तौर पर खत्म होने से काफी पहले ही जीत लगभग सुनिश्चित कर ली थी। लेकिन इन मैचों का अपना आकर्षण और घटनाओं का संग्रह है जो समय के साथ किवदंती बन गए। मियांदाद का 1992 में सिडनी में किरण मोरे के जश्न का मजाक उड़ाना हो या वेंकटेश प्रसाद का आमिर सोहेल को गुस्से में विदाई देना या सेंचुरियन में हरभजन सिंह और मोहम्मद यूसुफ के बीच झड़प, ये सभी अब भारत-पाक क्रिकेट किवदंतियों का हिस्सा हैं।

## टीमें इस प्रकार हैं

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पंड्या, शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, लोकेश राहुल, रविंद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव, मोहम्मद शमी, रविचंद्रन अश्विन इशान किशन, सूर्यकुमार यादव।

**पाकिस्तान :** बाबर आजम (कप्तान), शादाब खान, फखर जमां, इमाम-उल-हक, अब्दुल्ला शफीक, मो. रिजवान, सऊद शकील, इफ्तिखार अहमद, सलमान अली आगा, मोहम्मद नवाज, उसामा मीर, हारिस राउफ, हसन अली, शाहीन अफरीदी और मोहम्मद वसीम।


## खबर संक्षेप



### ऑस्ट्रेलिया के वापसी करने की उम्मीद

**लखनऊ।** स्टार बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन ने विश्व कप में खराब शुरुआत से उबरने और दबाव में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए ऑस्ट्रेलिया का समर्थन करते हुए कहा है कि यह शुरुआत है, अंत नहीं। प्रतियोगिता के इतिहास की सबसे सफल टीम ऑस्ट्रेलिया को विश्व कप में अपने शुरुआती दोनों मैचों में भारत और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा और वह माइनस 1.846 के नेट रन रेट के साथ 10 टीम की तालिका में नौवें स्थान पर है।

### अब भी लंबा रास्ता तय करना है : रबाडा



**लखनऊ।** दक्षिण अफ्रीका अपने शुरुआती दो मैच में शानदार जीत से विश्व कप में प्रबल दावेदार बनकर उभरा है। लेकिन तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा ने जोर देकर कहा कि अब भी लंबा रास्ता तय करना है और टीम एक समय में एक मैच पर ध्यान केंद्रित कर रही है। तेंबा बावुमा की अगुवाई वाली टीम ने नई दिल्ली में श्रीलंका पर 102 रन की जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत करने के बाद गुरुवार को यहां पांच बार के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को 134 रन के विशाल अंतर से हराया।

### भारत में मैच जीतना बेहद कड़ी : वोक्स



**नई दिल्ली।** ऑलराउंडर क्रिस वोक्स ने कार्य की कठिनता को स्वीकार करते हुए कहा कि इंग्लैंड मौजूदा विश्व कप में भारत को करारी शिकस्त देने में सक्षम है। 'स्काई स्पोर्ट्स' ने वोक्स के हवाले से कहा, 'भारत में जीतना बेहद कठिन चुनौती है। मुझे लगता है कि उपमहाद्वीप की टीमें घरेलू परिस्थितियों में अधिक सहज महसूस करेंगी।' इंग्लैंड की 2019 की विश्व चैंपियन टीम के सदस्य वोक्स ने हालांकि कहा कि उनके पास भारत को मात देने की क्षमता है। भारत और इंग्लैंड 29 अक्टूबर को लखनऊ में आमने-सामने होंगे।

# ओलंपिक में 128 साल बाद खेला जाएगा टी20 क्रिकेट



एजेंसी ▶▶| मुंबई

लॉस एंजिलिस ओलंपिक खेल 2028 में क्रिकेट शामिल होने जा रहा है चूंकि अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के कार्यकारी बोर्ड ने शुक्रवार को इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। इससे 128 साल का ओलंपिक इतिहास फिर से बदल जाएगा। आईओसी के कार्यकारी बोर्ड की यहां थॉमस बॉक की अध्यक्षता में बैठक हुई जिसमें टी20 क्रिकेट, बेसबॉल - साफ्टबॉल, फ्लैग फुटबॉल, लेक्रोस (सिक्सेस) और स्क्वाश को भी 2028 खेलों में शामिल करने को मंजूरी मिली। इस प्रस्ताव पर रविवार को आईओसी के सत्र के दौरान मतदान होगा। आईओसी के खेल निदेशक किट मैककोनेल ने कहा, 'लॉस एंजेलिस समिति ने 5 खेलों का प्रस्ताव रखा जो ओलंपिक का हिस्सा हो सकते हैं। इसमें क्रिकेट भी शामिल है। ईबी (कार्यकारी बोर्ड) बैठक में इस मामले को उठाएगा।' लॉस एंजेलिस-2028 ओलंपिक के आयोजकों ने 128 साल के इंतजार के बाद सोमवार को ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल करने की सिफारिश की। क्रिकेट के मैच 1900 के पेरिस ओलंपिक खेलों में आयोजित किए गए थे।

## 40 साल बाद भारत में आईओसी सेशन

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने 9 अक्टूबर को एक आधिकारिक बयान जारी कर ग्रीष्मकालीन ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल करने के अपने प्रस्ताव के बारे में जानकारी दी थी। इस दौरान बताया गया कि दो साल की प्रक्रिया के दौरान आईसीसी ने लॉस एंजेलिस-2028 की समिति के साथ मिलकर काम किया। बता दें कि भारत लगभग 40 वर्षों के अंतराल के बाद आईओसी सत्र की मेजबानी कर रहा है। आईओसी का 86वां सत्र 1983 में दिल्ली में आयोजित किया गया था।

# मलेशिया से हार कर भारतीय टीम मर्डेका कप से बाहर



**कुआलालंपुर।** भारतीय फुटबॉल टीम शुक्रवार को यहां मेजबान मलेशिया से 2-4 से हार कर मर्डेका कप फुटबॉल टूर्नामेंट से बाहर हो गई। भारत का यह पहला मैच ही सेमीफाइनल जैसा था जिसमें उसे अपनी गलतियों के कारण हार का सामना करना पड़ा। मलेशिया ने सातवें मिनट में ही डियोन कूल्स के गोल की मदद से बढ़त बना ली, लेकिन 13वें मिनट में नाओरेम महेश सिंह ने खूबसूरत वॉली से भारत को बराबरी दिला दी। निखिल पुजारी की गलती के कारण मलेशिया को 20वें मिनट में पेनल्टी मिली जिसे आरिफ अमीन ने गोल में बदलने में कोई गलती नहीं की। मध्यांतर से चार मिनट पहले फैजल हलीम ने मलेशिया की तरफ से तीसरा गोल किया। भारतीय कप्तान सुनील छेत्रीने 52वें मिनट में टीम के लिए दूसरा गोल किया लेकिन कोर्बिन ओंग ने 61वें मिनट में गोल करके मलेशिया की जीत सुनिश्चित की।

# न्यूजीलैंड ने लगाई जीत की हैट्रिक विलियमसन की वापसी पर फिफ्टी



एजेंसी ▶▶| चेन्नई

न्यूजीलैंड ने शुक्रवार को यहां बांग्लादेश को 43 गेंद शेष रहते हुए आठ विकेट से हराकर एकदिवसीय विश्व कप में लगातार तीसरी जीत दर्ज की। न्यूजीलैंड के सामने 246 रन का लक्ष्य था और उसने 42.5 ओवर में दो विकेट पर 248 रन बनाकर आसान की दर्ज की। न्यूजीलैंड की यह लगातार तीसरी जीत है जिससे वह 6 अंक लेकर अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया है। वापसी मैच में केन विलियमसन ने अंगूठे की चोट के कारण रिटायर्ड हर्ट होने से पहले 107 गेंद पर 78 रन बनाए जिसमें आठ चौके और एक छक्का शामिल है। केन ने न्यूजीलैंड के कप्तान ने डेवोन कॉनवे (59 गेंद पर 45 रन) के साथ 80 रन की साझेदारी की जबकि मिशेल (67 गेंद पर नाबाद 89 रन, छह चौके, चार छक्के) के साथ उन्होंने 108 रन जोड़े। मिशेल ने छक्के से अपनी पारी की शुरुआत की थी और उन्होंने छक्के से ही मैच का अंत भी किया।

## रहीम का अर्धशतक

बांग्लादेश की पारी शुरू में लड़खड़ा गई थी और एक समय उसका स्कोर चार विकेट पर 56 रन था। बांग्लादेश यदि नौ विकेट पर 245 रन तक पहुंचने में सफल रहा तो उसका श्रेय अपना पांचवा विश्व कप खेल रहे मुशफिकुर रहीम (66 रन) और कप्तान शाकिब अल हसन (40 रन) की 96 रन की साझेदारी और महमुदुल्लाह की नाबाद 41 रन की पारी को जाता है। न्यूजीलैंड की तरफ से लॉकी फर्ग्यूसन ने 49 रन देकर तीन विकेट लिए।

### स्कोर बोर्ड

| बांग्लादेश | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| लिटन दास का हेनरी बो बोल्ट | 00 | 01 | 0 | 0 |
| तांजिद का कॉवे बो फर्ग्युसन | 16 | 17 | 4 | 0 |
| मिराज का हेनरी बो फर्ग्युसन | 30 | 46 | 4 | 0 |
| शांतो का कॉवे बो फिलिप्स | 07 | 08 | 1 | 0 |
| शाकिब का लाथम बो फर्ग्युसन | 40 | 51 | 3 | 2 |
| मुशफिकुर रहीम बो हेनरी | 66 | 75 | 6 | 2 |
| तौहीद का सेंटनेर बो बोल्ट | 13 | 25 | 0 | 0 |
| महमूदुल्लाह नाबाद | 41 | 49 | 2 | 2 |
| तसकीन का मिचेल बो सेंटनेर | 17 | 19 | 0 | 2 |
| रहमान का लाथम बो हेनरी | 04 | 10 | 0 | 0 |
| शरीफुल इस्लाम नाबाद | 02 | 03 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 09, कुल : 50 ओवर में 245/9
गेंदबाजी : बोल्ट 10-0-45-2, हेनरी 10-0-58-2, फर्ग्युसन 10-0-49-3, सेंटनेर 10-1-31-1, फिलिप्स 2-0-13-1, रविंद्र 7-0-37-0, मिचेल 1-0-11-0.

| न्यूजीलैंड | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| कॉनवे पगबाधा बो शाकिब | 45 | 59 | 3 | 0 |
| रविंद्र का रहीम बो रहमान | 09 | 13 | 2 | 0 |
| विलियमसन रिटायर हर्ट | 78 | 107 | 8 | 1 |
| डेरिल मिशेल नाबाद | 89 | 67 | 6 | 4 |
| ग्लेन फिलिप्स नाबाद | 16 | 11 | 1 | 1 |

अतिरिक्त : 11, कुल : 42.5 ओवर में 248/2
गेंदबाजी : रहमान 8-0-36-1, इस्लाम 7.5-1-43-0, तस्कीन 8-0-56-0, शाकिब 10-0-54-1, मिराज 9-0- 58-0.

# आर्थिक तंगी भी कम नहीं कर पाई फैंस रामबाबू का क्रिकेट का जुनून



**अहमदाबाद।** 'मेरे मां-बाप ने मेरी शादी करवाई थी ये सोच के कि ये क्रिकेट का भूत छूटेगा, पर मैंने बीवी को साफ बता दिया, पहला प्यार क्रिकेट है।' यह कहना है भारत के क्रिकेट प्रशंसक रामबाबू का जो महेंद्र धोनी के धुर प्रशंसक हैं। जहां भी भारतीय टीम खेल रही होती है उनकी उपस्थिति स्पष्ट तौर पर दिखती है। उनका शरीर तिरंगे के रंग से रंगा होता है और उनके शरीर पर धोनी और सात नंबर लिखा होता है। चंडीगढ़ का रहने वाला यह प्रशंसक 39 वर्ष का है तथा अपनी अलग पहचान बनाने के बावजूद वह किसी तरह की कमाई नहीं करता है। वह अपनी यात्रा, ठहरना और अन्य जरूरतों के लिए लोगों की दया पर निर्भर है। रामबाबू से बात करते हुए यह स्पष्ट होता है कि क्रिकेट देखने के अलावा उनकी जिंदगी के लिए कोई अन्य योजना नहीं है।

## 'अलर्ट मोड' पर तैनात छह हजार पुलिसकर्मी ...



**गांधीनगर।** भारत और पाकिस्तान के बीच शनिवार को अहमदाबाद में होने वाले विश्व कप के मैच के दौरान गुजरात में विभिन्न ईकाई के पुलिस प्रमुखों को 'अलर्ट मोड' पर रहने, असामाजिक तत्वों और संवेदनशील इलाकों पर पैनी नजर रखने के लिए कहा गया है। प्रदेश के डीजीपी विकास सहाय ने कहा कि गुजरात पुलिस बल के 6000 पुलिसकर्मी, राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड, त्वरित कार्यबल, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल के साथ अहमदाबाद और नरेंद्र मोदी स्टेडियम में तैनात होंगे।

## कुक का क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास

**लंदन।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान एलिस्टेयर कुक ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया है जिससे उनके 20 साल तक चले पेशेवर कॅरियर का भी अंत हो गया। कुक ने 2018 में ही टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था लेकिन वह काउंटी टीम एसेक्स की तरफ से अगले पांच वर्षों तक खेलते रहे। इस सलामी बल्लेबाज का एसेक्स के साथ अनुबंध वर्तमान सत्र के समाप्त होने के साथ ही खत्म हो गया था और उन्होंने इसे बढ़ाने का फैसला नहीं किया। उन्होंने 2003 में काउंटी चैंपियनशिप में पदार्पण किया और तब से वह एसेक्स की टीम का अहम हिस्सा थे। कुक ने बयान में कहा, 'क्रिकेट को अलविदा कहना आसान नहीं है। क्रिकेट मेरे लिए मेरे काम से भी बढ़कर है। इसके कारण में उन स्थानों पर भी गया जहां जाने के बारे में मैंने सपने में भी नहीं सोचा था।

## इजराइल और हमास के बीच चल रहा संघर्ष बना कारण

# भारतीय टीम विश्व शतरंज चैंपियनशिप से हटी

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

भारतीय टीम ने इजराइल और हमास के बीच चल रहे संघर्ष के मद्देनजर शनिवार से शर्म अल शेख में शुरू होने वाली विश्व कैडेट शतरंज चैंपियनशिप से नाम वापस ले लिया है। क्योंकि डर है कि इससे खिलाड़ियों और अधिकारियों की सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है। टूर्नामेंट में देश के 39 खिलाड़ियों को हिस्सा लेना था जिसका आयोजन स्थल इजराइल सीमा से 400 किमी से कम की दूरी पर है। टूर्नामेंट में अंडर-12, अंडर-10 और अंडर-8 वर्ग की स्पर्धाएं होनी हैं।

अखिल भारतीय शतरंज महासंघ ने गाजा में तनावपूर्ण स्थिति को ध्यान में रखते हुए विश्व संस्था फिडे से टूर्नामेंट को स्थगित करने का अनुरोध किया है।



## सुरक्षा को रखा ध्यान

*अधिकारी ने यह भी कहा कि यह निर्णय इसलिए लिया गया क्योंकि बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखना था और गाजा की स्थिति के कारण उड़ान संचालन को लेकर अनिश्चितताएं हैं। इजराइल ने गाजा पर शासन करने वाले इस्लामिक आतंकवादी समूह हमास के खिलाफ अभूतपूर्व हमला शुरू कर दिया है। इससे पहले हमास के लड़ाके सात अक्टूबर को सीमा पर बाड़ को तोड़कर देश के दक्षिण हिस्से में हवा, जमीन और समुद्र के माध्यम से घुस गए थे और तबाही मचाई थी।*

## सीमा से 400 किमी से भी कम दूरी

एआईसीएफ ने कहा, 'इजरायल और हमास के बीच गाजा पट्टी में चल रही स्थिति और प्रतिभागियों की उम्र को ध्यान में रखते हुए उचित विचार-विमर्श के बाद विश्व कैडेट शतरंज चैंपियनशिप-2023 से भारतीय टीम की भागीदारी वापस लेने का निर्णय लिया गया। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ ने युवा खिलाड़ियों की सुरक्षा के सभी पहलुओं पर विचार करते हुए यह निर्णय लिया क्योंकि मिस्र की सीमा गाजा के साथ-साथ इजराइल से भी लगती है। चैंपियनशिप का मेजबान शहर शर्म अल शेख इजराइल सीमा से 400 किलोमीटर से भी कम दूरी पर है और संघर्ष की स्थिति में काफी कम समय में पश्चिम एशिया में वाणिज्यिक एयरलाइन प्रभावित हो सकती हैं। महासंघ ने अप्रत्याशित घटना और अप्रत्याशित परिदृश्यों के आधार पर यह कठोर निर्णय लिया क्योंकि हम अपने खिलाड़ियों की सुरक्षा को सर्वोपरि महत्व देते हैं, भले ही हमारे खिलाड़ियों ने इस महत्वपूर्ण प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए लगभग एक वर्ष की ट्रेनिंग की हो।'

# हमारे शीर्ष क्रम को अधिक जिम्मेदारी से बल्लेबाजी करनी होगी: नजमुल

बांग्लादेश के उप कप्तान नजमुल हसन शंटो ने कहा कि अगर उनकी टीम को विश्व कप में अपनी उम्मीदें बनाए रखनी है तो उनके शीर्ष कम के बल्लेबाजों को अधिक जिम्मेदारी दिखानी होगी। बांग्लादेश ने अभी तक विश्व कप में तीन मैच खेले हैं जिनमें से दो मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा। वह शुक्रवार को यहां न्यूजीलैंड से आठ विकेट से हार गया था। उसने कम स्कोर वाले मैच में अफगानिस्तान को हराया लेकिन इसके बाद उसे इंग्लैंड से 137 रन से करारी हार का सामना करना पड़ा था। न्यूजीलैंड के खिलाफ भी उसकी टीम 9 विकेट पर 245 रन ही बना पाई थी। कीवी टीम ने 43वें ओवर में दो विकेट खोकर जीत हासिल कर दी थी।



नजमुल ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, हम हमेशा रणनीति बनाते हैं कि कैसे बल्लेबाजी करनी है, लेकिन हमें बल्लेबाजी में अधिक जिम्मेदारी दिखानी होगी। शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के सामने हमेशा चुनौती होती है विशेषकर जब गेंद नई होती है। उन्होंने हालांकि उम्मीद बताई कि उनकी टीम वापसी करने में सफल रहेगी। जमुल ने कहा, निश्चित तौर पर हम यहां से वापसी कर सकते हैं। हमें सिर्फ अपने गेंदबाजों को बचाव करने के लिए अच्छा स्कोर देना होगा। हमें क्या करना है इसके बारे में सोचने से ज्यादा यह जानना महत्वपूर्ण है कि हम कितना अच्छा खेल रहे हैं।

# महायुद्ध की आशंका के बीच गाजा में घुसी इजराइली सेना



नई दिल्ली। शुक्रवार को एक बयान में इजरायली सेना ने कहा, पहली बार थल सेना की टुकड़ी गाजा पट्टी के भीतर काम कर रही है। सेना ने कहा कि इजरायली सैनिक आतंकवादियों से लड़ने, हथियारों को नष्ट करने और हमास की ओर से बंधक बनाकर रखे गए लापता लोगों के बारे में सबूत खोजने के लिए गाजा में दाखिल हुए। जंग में अब तक 3000 से ज्यादा लोगों की जान गई है। इजराइल और हमास युद्ध के हर नए दिन के साथ पूरी दुनिया के लिए खतरा बढ़ता जा रहा है। अभी तक इजराइल को अमेरिका के साथ-साथ फ्रांस, ब्रिटेन, जर्मनी जैसे मुल्क का समर्थन है जबकि गाजा के पक्ष में ईरान और रूस जैसे देश लामबंद होने लगे हैं। इस बीच इजराइल ने प्रण लिया है कि वह हमास को नेस्तनाबूद किए बिना नहीं रुकेगा। इजराइल और हमास का युद्ध अब जमीनी आक्रमण की तरफ बढ़ रहा है। हमास और इजरायल के बीच छिड़ी जंग के बीच हजारों की संख्या लोगों को दक्षिणी गाजा की ओर जाते हुए देखा गया है. अलजजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक, संभावित जमीनी हमले से पहले इजरायली सेना ने फलस्तीनियों को उत्तरी इलाके को छोड़ने की चेतावनी दी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इजरायल ने 1.1 मिलियन (11 लाख) लोगों को जगह छोड़ने की चेतावनी दी है।

### इजराइल के सामने यह है अहम चुनौतियां

इस जंग में जीत के लिए इजराइली फौज को आतंक के खूंखार लड़ाकों से निपटना होगा। ऐसे आतंकी जिन्हें फौज की तरह ट्रेनिंग मिली हुई हैं, जो दुनिया के सबसे घातक हथियार चलाना जानते हैं। रक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि इजरायल की सेना के पास मौजूदा स्थिति से निपटने के लिए तीन सैन्य विकल्प मौजूद है। उन्होंने बताया कि सबसे पहला विकल्प यह है कि इजरायली सेना हवाई हमलों के अलावा जमीन पर फौज उतारने के बजाए स्पेशल कमांडोज को भेज सकती है। इसके लिए इजराइली सेना को गाजापट्टी की घेराबंदी और मजबूत करनी होगी। बंधकों की रिहाई के साथ-साथ हमास की टॉप लीडरशिप को मिटाने के लिए कोवर्ट ऑपरेशन को शुरू करना होगा। हालांकि, इस ऑपरेशन में इजरायली सेना के सामने कई चुनौतियां हैं।

### फिलिस्तीनियों को महफूज ठिकानों पर जाने के लिए 24 घंटे की दी डेडलाइन

यरूशेलम, (एजेंसी)। इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने शुक्रवार को संभावित जमीनी हमले से पहले गाजा पट्टी शहर के निवासियों को तटीय परिक्षेत्र को खाली कर दक्षिणी क्षेत्र जाने का आदेश दिया। आईडीएफ के अनुसार सुरक्षा व संरक्षण को ध्यान में रखते हुए सभी नागरिकों को दक्षिण क्षेत्र जाने का आह्वान किया है। आईडीएफ ने गाजा के आम लोगों से कहा है कि वो अपनी सुरक्षा के लिए गाजा के दक्षिणी हिस्से में चले जाएं।





#### भारत ने 212 लोगों को किया एयरलिफ्ट

इजराइल-हमास जंग के बीच भारत सरकार ने इजराइल में फंसे अपने नागरिकों को एयरलिफ्ट करना शुरू कर दिया है। शुक्रवार सुबह 212 भारतीय नागरिकों को लेकर एअर इंडिया की फ्लाइट दिल्ली पहुंची। दिल्ली एयरपोर्ट पर केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने सबका स्वागत किया।

## अगले 48 घंटे भारी

### भारत में प्रदर्शन तेज, इजरायल के खिलाफ सात शहरों में सड़क पर उतरे प्रदर्शनकारी

नई दिल्ली। भारत के कई शहरों में शुक्रवार को फिलिस्तीन के समर्थन और इजरायल के विरोध में प्रोटेस्ट हुए। बता दें कि इजरायल और हमास के बीच युद्ध का शुक्रवार को सातवां दिन है। कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में भी फिलिस्तीन के समर्थन में लोगों ने आवाज बुलंद की। बेंगलुरु की जामिया मस्जिद के इमाम मौलाना मकसूद इमरान ने कहा कि इजरायली सेना फिलिस्तीन के मुस्लिमों पर अत्याचार कर रही है। झारखंड के जमशेदपुर में भी मुस्लिम समुदाय फिलिस्तीन का समर्थन कर रहा है. जमशेदपुर के मानगो आजाद नगर में जुमे की नमाज के बाद मुस्लिम समाज के लोगों ने फिलिस्तीन के समर्थन में प्रदर्शन कर इजराइल के खिलाफ अपनी नाराजगी जाहिर की। उत्तर प्रदेश के लखनऊ में भी फिलिस्तीन के समर्थन में प्रोटेस्ट किया गया। बिहार के किशनगंज में भी सड़कों पर युवा निकले और फिलिस्तीन के समर्थन में नारेबाजी की। केरल के तिरुवनंतपुरम में सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (एसडीपीआई) के सदस्यों ने फिलिस्तीन के समर्थन में प्रोटेस्ट किया। जम्मू कश्मीर के बडगाम में शिया मुस्लिमों ने फिलिस्तीन पर इजरायल के हमले के खिलाफ विरोध-प्रर्शन किया।

### साल का दूसरा सूर्य ग्रहण आज, भारत में नहीं दिखेगा

नई दिल्ली। इस साल चार ग्रहण हैं। जिसमें पहला सूर्य ग्रहण 20 अप्रैल को और पहला चंद्र ग्रहण 5 मई को लग चुका है। अब इस वर्ष के अंतिम दो ग्रहण लगने जा रहे हैं। जिसमें, 14 अक्टूबर को लगने वाला सूर्य ग्रहण भारत में दृश्य नहीं होगा। ज्योतिषियों के मुताबिक, एक ही माह में दो ग्रहण लगना लाभकारी नहीं है। 14 अक्टूबर से 4 नवंबर तक के 20 दिन भी खगोलीय घटनाक्रम के नजरिए से बेहद विशेष माने जा रहे हैं, जिसका प्रभाव धरती पर प्राकृतिक आपदा, भूकंप, महामारी, सुनामी, बड़े देशों में युद्ध की स्थिति के रूप में देखा जाएगा।

### छगन भुजबल को मिली जान से मारने की धमकी

नासिक। महाराष्ट्र के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री छगन भुजबल को उनके निजी नंबर से जुड़े व्हॉट्सएप पर अज्ञात फोन नंबर से जान से मारने की धमकी मिली है। शुक्रवार शाम राकांपा से अलग हुए नेता को मैसेज मिले। उन्हें धमकी मिली, आप बहुत दिनों तक जिंदा नहीं रहेंगे। जब तक हम आपको खत्म नहीं कर देंगे, तब तक चैन से नहीं बैठेंगे। धमकी को गंभीरता से लेते हुए नासिक एनसीपी के युवा नेता अंबादास खैरे ने अंबाड पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है।

### कनाडा के तीन हिंदू मंदिरों में तोड़फोड़ और चोरी

टोरंटो। कनाडा के ओंटारियो प्रांत के डरहम क्षेत्र की पुलिस एक संदिग्ध की तलाश कर रही है, जिसने तीन हिंदू मंदिरों में सेंध लगाई और दान पेटियों से बड़ी मात्रा में नकदी चुरा ली। डरहम पुलिस विभाग ने बयान में कहा कि आरोपी पुरुष रविवार को पिकरिंग में बेली स्ट्रीट और क्रोस्नो बुलेवार्ड के क्षेत्र में एक मंदिर में घुस गया था। डरहम पुलिस विभाग ने आरोपी का हुलिया बताया है। उसने नीला सर्जिकल मास्क, कसकर जिप वाला हुड वाला काला पूफी जैकेट, हरा 'कैमो' कार्गो पैंट और हरे रंग के रनिंग जूते पहने देखा गया था। पुलिस ने आगे बताया कि वहां लगे सीसीटीवी फुटेज में नजर आया है कि आरोपी रविवार रात करीब 12.45 बजे मंदिर में घुसा और दान पेटियों में से नकदी चुराई।

### सीएम शिंदे से मिला राज ठाकरे का प्रतिनिधिमंडल

मुंबई, (एजेंसी)। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के अध्यक्ष राज ठाकरे के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से मुलाकात की और टोल वृद्धि और टोल बूथों और अन्य सुविधाओं पर भी मुद्दे उठाए हैं। प्रतिनिधिमंडल के साथ आए ठाणे के मुलुंड की हाउसिंग सोसायटी निवासियों ने गुरुवार को मुख्यमंत्री से मुलाकात की। टोल को लेकर विस्तृत चर्चा की गयी। उन्होंने मांग की कि ठेकेदार को अनुबंध के अनुसार टोल बूथों पर आवश्यक सुविधाएं प्रदान करनी चाहिए।

### आज का इतिहास

- 1066: हेस्टिंग्स के निकट विलियम के नेतृत्व में नॉर्मन सेना ने इंग्लैंड को हराया और वहाँ के राजा हेरॉल्ड द्वितीय की हत्या कर दी।
- 1240: भारत की प्रथम महिला शासिका रजिया सुल्तान की मौत हुई।
- 1322: स्कॉटलैंड की सेना ने अंग्रेजी राजा एडवर्ड द्वितीय को हराया।
- 1643: मुगल बादशाह बहादुर शाह प्रथम का जन्म।
- 1758: हचकिर्क की लड़ाई में ऑस्ट्रियाई सेना ने प्रशिया को हराया।
- 1882: शिमला में पंजाब विश्वविद्यालय की स्थापना की गई।
- 1884: प्रसिद्ध क्रांतिकारी और 'गदर पार्टी' के संस्थापक लाला हरदयाल का जन्म।
- 1933: जर्मनी ने मित्र राष्ट्रों के समूह से अलग होने की घोषणा की।
- 1943: जापान ने फिलीपींस की स्वतंत्रता की घोषणा की।

### पी20 समिट में पीएम मोदी बोले...

## संघर्ष की वजह से दुनिया संकटों से जूझ रही, यह किसी के हित में नहीं

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को यशोभूमि अधिवेशन केंद्र में जी20 के सदस्य देशों की संसदों के पीठासीन सभापतियों (पी20) के नौवें सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह समिट एक प्रकार से दुनिया भर की अलग-अलग संसदीय प्रथाओं का महाकुंभ है। आप सभी प्रतिनिधि अलग-अलग संसदीय कार्यशैली के अनुभवी हैं। आपका इतने समृद्ध लोकतांत्रिक अनुभवों के साथ भारत आना हम सभी के लिए बहुत सुखद है।

पीएम मोदी ने इस्राइल में उपजे संकट का नाम लिए बिना कहा कि दुनिया के अलग कोनों में जो कुछ भी घट रहा है, उससे आज कोई भी अछूता नहीं है। संघर्ष की वजह से आज दुनिया संकटों से जूझ रही है। यह किसी के भी हित में नहीं है। मानवता के सामने जो बड़ी चुनौती है, उसका समाधान बंटी हुई दुनिया नहीं दे सकती। यह शांति और भाईचारे का समय है। साथ आगे बढ़ने का समय है। यह सबके विकास और कल्याण का समय है।

हमें वैश्विक विश्वास के संकट को दमर करना होगा और मानव केंद्रित सोच पर आगे बढ़ना होगा। हमें विश्व को एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य के साथ आगे बढ़ाना होगा। पीएम मोदी ने कहा कि करीब 20 साल पहले आतंकवादियों ने हमारी संसद को निशाना बनाया था। उस समय संसद का सत्र चल रहा था और आतंकवादियों की मंशा सांसदों को बंदी और उनको खत्म करने की थी। दुनिया को भी एहसास हो रहा है कि आतंकवाद दुनिया के लिए कितनी बड़ी चुनौती है। आतंकवाद जहां भी होता, किसी भी कारण, किसी भी रूप में होता वह मानवता के विरुद्ध होता है। ऐसे में आतंकवाद को लेकर हम सभी को सख्ती बरतनी होगी। आतंकवाद की परिभाषा को लेकर आम सहमति ना बन पाना बहुत दुखद है। आज भी यूएन भी इसका इंतजार कर रहा है। दुनिया के इसी रवैया का फायदा मानवता के दुश्मन उठा रहे हैं।



प्रधानमंत्री मोदी को मेक्सिको की सीनेट अध्यक्ष ने बांधी राखी, पीएम ने सिर पर हाथ रख दिया आशीर्वाद।

#### सर्वसम्मति से संयुक्त घोषणा पत्र स्वीकार, आज जारी होगा

जी- 20 सदस्य देशों की की संसद अध्यक्षों के नौवें शिखर सम्मेलन- पी 20 में शुक्रवार को सर्वसमिति से संयुक्त घोषणा पत्र स्वीकार किया गया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भारत के नेतृत्व में इसे पी 20 सम्मेलन की बड़ी सफलता बताया है। श्री बिरला ने कहा कि पी-20 में आए सभी देशों ने संयुक्त घोषणा पत्र पर सहमति जताई है। उन्होंने कहा कि जी 20 में स्वीकार एजेंडे को साकार करने में सभी संसदें मिलकर काम करेंगी। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के एसडीजी लक्ष्यों और महिला नेतृत्व में विकास पर सब देशों ने सहमति दी है।

## स्क्रीनिंग कमिटी को भेजे जाएंगे 3 हजार नाम, हर सीट पर 15 दावेदार

### राजस्थान कांग्रेस की पहली सूची सप्ताह अंत तक आने की संभावना

नई दिल्ली। राजस्थान में विधानसभा चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इसी के मद्देनजर शुक्रवार को जयपुर में राजस्थान कांग्रेस प्रदेश कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा की अध्यक्षता में कांग्रेस की प्रदेश इलेक्शन कमिटी की बैठक हुई। जिसमें सीएम अशोक गहलोत के अलावा कमेटी के सदस्य सचिन पायलट, लाल चंद कटारिया, सुखराम बिश्नोई और ममता भूपेश मौजूद रहे। बैठक में चुनावी रणनीति व प्रत्याशी चयन पर चर्चा हुई।

कांग्रेस में संभावित दावेदारी को लेकर पार्टी में कई जगहों से घमासान जारी है। बैठक में आगामी चुनाव मे टिकट वितरण को लेकर प्रदेश भर से आए पैनल्स पर चर्चा की गई। प्रदेश भर से करीब 3000 नाम कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी को भेजे जाएंगे उसके बाद केंद्रीय चुनाव समिति की दिल्ली में बैठक होगी, जहां पहली सूची में जारी होने वाली टिकटों पर अंतिम फैसला लिया जाएगा।




#### अंदर बैठक, बाहर कई विधायकों के खिलाफ नारेबाजी

कांग्रेस वॉर रूम में चल रही बैठक के बाहर कई विधानसभा क्षेत्रों से आये टिकट के उम्मीदवारों के समर्थक प्रदर्शन कर रहे हैं। किशनपोल से विधायक अमीन कागज़ी, सवाई माधोपुर से विधायक दानिश अबरार और फुलेरा से विद्याधर चौधरी के विरोध में वॉर रूम के बाहर सैंकड़ों लोगों का जमावड़ा लगा है। मालूम हो कि भाजपा ने उम्मीदवारों को पहली सूची पिछले दिनों जारी की थी. जिसमें 41 प्रत्याशियों के नाम थे। भाजपा की पहली सूची आने बाद पार्टी की अंतर्कलह सामने आई थी।

### पूर्व कांग्रेस पार्षद से छापे में 42 करोड़ बरामद

हैदराबाद, (एजेंसी)। तेलंगाना के वित्त मंत्री हरीश राव ने शुक्रवार को बताया कि आयकर विभाग के छापे में बेंगलुरु के पूर्व कांग्रेस पार्षद से 42 करोड़ रुपये बरामद हुए। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व कांग्रेस पार्षद से बरामद 42 करोड़ रुपए चुनावी राज्य तेलंगाना में कांग्रेस के लिए हैं। आयकर को बेंगलुरु की पूर्व पार्षद अश्वत्थम्मा और उनके पति अंबिकापति के आवास से 42 करोड़ नकद बरामद किए हैं। इस दम्पति के कांग्रेस विधायक अखंड श्रीनिवासमूर्ति के साथ घनिष्ठ संबंध हैं।

## किसी धार्मिक स्थल का स्वरूप नहीं बदला जा सकता

#### सुप्रीम कोर्ट की ज्ञानवापी मामले में अहम टिप्पणी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को ज्ञानवापी मामले में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने अहम टिप्पणी की है. अदालत ने कहा कि प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट कहता है कि किसी धार्मिक स्थल का स्वरूप बदला नहीं जा सकता है. ऐसे में ये देखना होगा कि आजादी के वक्त यानी 15 अगस्त 1947 को इस जगह का क्या धार्मिक स्वरूप था. उस दिन जो धार्मिक स्वरूप होगा, उससे यह तय होगा कि क्या इस एक्ट के वजूद में रहने के बावजूद इस मामले को सुना जा सकता है या नहीं, इसके लिए सबूत लाने होंगे. अब इस मामले में अगली सुनवाई 16 अक्टूबर को होगी. ज्ञानवापी मामले में कुल तीन याचिकाएं दाखिल की गई हैं.

दरअसल, मुस्लिम पक्ष का कहना था कि हिंदू पक्ष का दावा सुनवाई के लायक ही नहीं है. प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट के रहते इस मामले पर सुनवाई ही नहीं होनी चाहिए। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने ज्ञानवापी मामले में सुनवाई की। हिन्दू पक्ष ने कहा कि कुल तीन याचिकाएं है जिन पर सुनवाई करनी है, जिसमें से एक याचिका श्रृंगार गौरी मामले में मेंटेनेबिलिटी का है और दूसरा मामला कोर्ट कमिश्नर की नियुक्ति के मामले को मुस्लिम पक्ष ने चुनौती दी है. वहीं तीसरा मामला मामला वजू टैंक की ऑर्कियोलॉजिकल सर्वे की मांग वाली याचिका है. मुस्लिम पक्ष की तरफ से हुजैफा अहमदी ने कहा कि मुख?य याचिका मेंटेनेबिलिटी की है और अगर यह मेंटेनेबिल नहीं रहा तो बाकी के कोई मायने नहीं हैं. हुजैफा अहमदी ने कोर्ट से कहा कि सुनवाई टाल दी जाए और किसी रेगुलर मैटर वाले दिन सुनवाई की जाए. आज का कोर्ट का वक्त समाप्त हो रहा है.

#### आनंद महिंद्रा बोले-चंद्रयान 3 के विक्रम लैंडर जितना अहम

## सियाचिन में पहला मोबाइल टावर 15,500 फीट की ऊंचाई पर लगा

मुंबई। लद्दाख के सियाचिन में सेना ने हाल ही में 15,500 फीट से ऊपर पहला मोबाइल टावर बनाया है। आनंद महिंद्रा, महिंद्रा एंड महिंद्रा ग्रुप के सीईओ, ने इसे चंद्रयान 3 के विक्रम लैंडर की तरह महत्वपूर्ण बताया है।



देवुसिंह ने सियाचिन में इंस्टॉल किए गए पहले मोबाइल टावर की ये तस्वीरें शेयर की हैं, उन्होंने प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट किया। हमारी दुनिया में ये कुछ भी नहीं है, लेकिन सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र में हर दिन अपनी जान की बाजी लगाने वाले सैनिकों के लिए यह उपकरण विक्रम लैंडर जितना महत्वपूर्ण है। वे अब अपने घरों से जुड़े रहेंगे। यह खबर मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। 6 अक्टूबर को सेना के सियाचिन वॉरियर्स ने टावर स्थापित किया।

### बीजिंग में इजराइली दूतावास के सदस्य पर चाकू से हमला

नई दिल्ली। बीजिंग में इजराइली दूतावास के एक कर्मचारी पर शुक्रवार को हमला किया गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बीजिंग दूतावास के एक वरिष्ठ इजराइली अधिकारी ने बताया कि दूतावास के कर्मचारी पर बीजिंग में दोपहर (चीन समयानुसार) हमला किया गया, जो इजराइली दूतावास परिसर से ज्यादा दूर नहीं है और वह अस्पताल में है। बीजिंग में इजरायली दूतावास राजनयिक मिशनों की उपस्थिति के बीच शहर के उच्च सुरक्षा वाले क्षेत्र में भारतीय दूतावास के करीब स्थित है। इजराइली दूतावास के कर्मचारी की पहचान सार्वजनिक नहीं की गई। इस रिपोर्ट को दर्ज करने के समय चाकू मारने की घटना के पीछे का कारण स्पष्ट नहीं था।

## जयपुर, जोधपुर एवं डूंगरपुर जिले में ईडी की कार्रवाई

जयपुर, (ब्यूरो)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राजस्थान के जयपुर, जोधपुर एवं डूंगरपुर जिले में कई स्थानों पर कार्रवाई की हैं।



प्राप्त जानकारी के अनुसार ईडी की डूंगरपुर जिले के सागवाड़ा में कांग्रेसी नेता दिनेश खोड़निया और उनके एक रिश्तेदार के घर पर यह कार्रवाई की है। ईडी की टीम सीआरपीएफ के जवानों के साथ सुबह जल्दी ही डूंगरपुर जिले के सागवाड़ा पुराने शहर में श्री खोड़निया के घर तथा दूसरी टीम ने पुनर्वास कॉलोनी में श्री खोड़निया के रिश्तेदार अशोक जैन के घर यह कार्रवाई की। ईडी ने जयपुर और जोधपुर में भी छापे की कार्रवाई की है। माना जा रहा है कि पेपरलीक मामले के आरोपी आरपीएससी सदस्य बाबूलाल कटारा और मास्टरमाइंड भूपेंद्र सारण को ईडी ने पिछले दिनों रिमांड पर लिया था और उनसे पूछताछ के बाद यह कार्रवाई की गई हैं।

## फरियादी मनोरोगी, इसकी दवा से बच्चे पर असर की आशंका

### सुप्रीम कोर्ट बोला- एम्स बोर्ड भ्रूण को बचाने का तरीका बताए...

#### 26 हफ्ते की प्रेग्नेंसी मामला

● नई दिल्ली

26 हफ्ते की प्रेग्नेंसी को मेडिकली अबॉर्ट करने के केस में शुक्रवार 13 अक्टूबर को लगातार 5वें दिन सुनवाई हुई। दलीलें सुनने के बाद चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की बेंच ने निर्देश दिया कि एम्स के डॉक्टर्स का बोर्ड महिला की मानसिक और शारीरिक जांच करके उसकी मनोविकृत्ति का पता लगाए। सीजेआई ने यह भी कहा कि याचिकाकर्ता महिला को दोपहर 2 बजे बोर्ड के सामने पेश होना होगा।

इसके बाद बोर्ड रिपोर्ट बनाए कि महिला को दी जा रही डिप्रेशन की दवाओं से भ्रूण को कैसे बचाया जा सकता है। मामले की अगली सुनवाई 16 अक्टूबर को सुबह 10.30 बजे होगी। इसी दिन एम्स बोर्ड को यह रिपोर्ट सीजेआई की बेंच में रखनी होगी। 12 अक्टूबर को सीजेआई की बेंच ने याचिकाकर्ता महिला के वकील से पूछा था कि 26 सप्ताह तक इंतजार करने के बाद, क्या वह कुछ दिन और इंतजार नहीं कर सकती। साथ ही एएसजी ऐश्वर्या भाटी और महिला की वकील को इस संबंध में उससे बात करने को भी कहा था।

सुनवाई के दौरान सीजेआई की बेंच ने कहा, संसद ने एक कानून बनाया है, जो प्रो-लाइफ और प्रो-चॉइस को बैलेंस करता है। इसे ध्यान में रखते हुए 24 वीक का कट ऑफ लगाया है। लेकिन हमारा कानून प्रो-चॉइस है। अगर आपको किसी महिला की जान बचानी है तो आप प्रेग्नेंसी खत्म कर सकते हैं।

### Filmiतड़का

## कैटरीना कैफ के आभामंडल में घिरे विकी कौशल, फिल्म कोई भी हो सवाल सिर्फ बीवी का..!



मुंबई। अभिनेता विक्की कौशल जहां भी जाते हैं, उनकी पत्नी कैटरीना कैफ का साया उनके साथ हरदम रहता है। जब से दोनों की शादी हुई है, ऐसा शायद ही कोई फिल्मी कार्यक्रम रहा हो जहां इन दोनों से एक-दूसरे को लेकर सवाल न पूछे जाते हो। नतीजा अब ये हो रहा है कि विक्की कौशल की फिल्म हाशिये पर हो जाती है और फोकस में आ जाते हैं इन दोनों के रिश्ते। इस बार बारी निर्देशक मेघना गुलजार की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'सैम बहादुर' के टीजर लांच की थी, लेकिन सवाल वही कि कैटरीना कैफ की फिल्मों को लेकर विक्की का क्या कहना है..! फिल्म 'सैम बहादुर' एक दिसंबर को रिलीज होने जा रही है। इसी दिन रणबीर कपूर की फिल्म 'एनिमल' भी रिलीज होगी। इन दोनों फिल्मों की इस टक्कर में बॉक्स ऑफिस का ऊंट किस करवट बैठेगा, ये तो दर्शक तय करेंगे लेकिन सवाल ये भी उठा कि इस फिल्म से पहले और बाद में कैटरीना कैफ की फिल्में भी आ रही हैं। फिल्म 'सैम बहादुर' से पहले दिवाली पर कैटरीना कैफ की फिल्म 'टाइगर 3' और 'सैम बहादुर' की रिलीज के ठीक एक हफ्ते बाद कैटरीना की फिल्म मेरी क्रिसमस रिलीज होने जा रही है।

#### देखते ही फैन्स हुए क्रेजी

## ट्रैफिक से बचने के लिए ऋतिक रोशन ने मेट्रो में किया सफर



मुंबई। मुंबई में ट्रैफिक किस कदर होता है यह तो सभी जानते है। गाड़ियां मुश्किल से आगे खिसकती हैं और इस वजह से घंटों-घंटों जाम में फंसे रहना पड़ता है। ऐसे में ट्रैवेल का एक बेहतर जरिया मेट्रो है। अगर आपको याद हो मुंबई मेट्रो में बीते दिनों हेमा मालिनी को सफर करते देखा गया था। अब शुक्रवार को ऋतिक रोशन ने मेट्रो से जाने का फैसला किया। जाहिर है ऋतिक को देखते ही फैन्स की भीड़ जुटनी थी। उन्होंने भी निराश नहीं किया और तस्वीरें क्लिक कराईं। अभिनेता ने बताया कि वह शूटिंग के जा रहे थे और ट्रैफिक से बचने के लिए मेट्रो ली।

**फैन्स के साथ सेल्फी क्लिक कराईं**: ऋतिक ने अपने इंस्टाग्राम पर मुंबई मेट्रो में ट्रैवेल करते हुए कई तस्वीरें पोस्ट कीं। वह बुजुर्ग महिलाओं सहित सभी फैन्स के साथ पोज दे रहे हैं। एक वीडियो में वह डिब्बे के एक कोने में खड़े हैं और सभी को देख रहे हैं। उन्होंने कैप्शन दिया, आज काम पर जाने के लिए मेट्रो ली। सच में बहुत ही प्यारे लोगों से मुलाकात हुई। उन्होंने मुझे जो प्यार दिया उसे आपके साथ शेयर कर रहा हूं। कमाल का अनुभव रहा। गर्मी और ट्रैफिक को मात देते हुए। ऋतिक ने यह भी बताया कि वह एक्शन सीन शूट करने के लिए जा रहे हैं।

# महाविद्यालय प्रशासन छात्रों के राजनीति नर्सरी की कर रहा भ्रूण हत्या : दीपक



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पीजी कॉलेज के प्रांगण में छात्रों ने महाविद्यालय में हो रही समस्या को लेकर 32 सूत्रीय मांगों के सम्बन्ध में तीसरे दिन भी अनिश्चितकालीन धरना जारी रखा। सभी छात्रों ने सिर पर काली पट्टी बांध कर विरोध दर्ज कराया। बता दें कि महाविद्यालय बंद रहने के बावजूद भी छात्रों का धरना जारी रहा। पूर्व छात्रसंघ उपाध्यक्ष दीपक उपाध्याय ने कहा कि छात्र संघ चुनाव रोकने के लिए न तो महाविद्यालय प्रशासन को शासन से कोई पत्र आया है और ना ही विश्वविद्यालय प्रशासन से फिर क्या ऐसे मजबूरी है जो महाविद्यालय प्रशासन छात्रों के राजनीति कि नर्सरी की भ्रुण हत्या कर रहा। जब तक मांग पूरी नहीं होगी आंदोलन जारी रहेगा।

छात्र नेता धीरज सिंह ने कहा कि महाविद्यालय के प्राचार्य को अपनी जिद छोड़कर छात्रहित में धरने पर बैठे छात्रों के समक्ष आकर सभी मांगों को यथा शीघ्र पूरा करना चाहिए, ताकि धरने पर बैठे छात्रों का पठन-पाठन बाधित न हो सकें। वही छात्र नेता ईश्वर यादव ने कहा कि महाविद्यालय में प्रवेश लेने के दौरान सभी शुल्क छात्रो द्वारा भरा जाता है फिर महाविद्यालय के प्राचार्य छात्रों को क्यों नहीं सुविधा दे रहे हैं। वे पैसा महाविद्यालय से कहां जा रहे हैं।

छात्र नेता अमृतांश बिन्द ने कहा कि महाविद्यालय प्रशासन को सरकार से मिल रहे वेतन से काम नहीं चल रहा है तो छात्रों से अवैध वसूली सहित शोषण कर काम चला रहे हैं। जिसे हम सभी छात्र कदापि बर्दाश्त नहीं करेंगे। छात्रों कि प्रमुख मांग मुख्य रूप से छात्र संघ चुनाव कराने,बीपीई प्रवेश परीक्षा का परिणाम जारी कर प्रवेश ले,अवैध वसूली बंद करें, फीस वृद्धि वापस लें, पुस्तकालय में नई शिक्षा नीति के अन्तर्गत पुस्तकें उपलब्ध कराने, कालेज कि वेबसाइट पर सभी सूचना और नई फीस विवरण उपलब्ध कराने, छात्रसंघ चुनाव कराने, कालेज के कैमरों को ठीक करने के साथ ही महाविद्यालय के गलियारों में सीसीटीवी कैमरे लगाने,साइकिल स्टैंड फीस कम करने, कालेज कि वेबसाइट को सरल करने, कालेज की वेबसाइट पर शिकायत पोर्टल उपलब्ध कराने के साथ ही महाविद्यालय में आफलाइन शिकायत काउन्टर बनाने, स्नातक द्वितीय,तृतीय स्नातकोत्तर द्वितीय में प्रवेश फार्म शुल्क निशुल्क करने, साइकिल स्टैंड फीस केवल स्टैंड में खड़ा करने वाले छात्रों का ले, महाविद्यालय में पठन-पाठन का माहौल बनायें,सभी शिक्षक व कर्मचारी समय से आए, सहित आदि मांग है। धरना में शामिल छात्र नेता मुकेश चौधरी,आकाश चौधरी, रविकांत यादव, शिवप्रकाश पाण्डेय, आरती बिन्द, कृष्णा नन्द शर्मा, निलेश बिन्द, शैलेश यादव, रोहित यादव, रितिक सिंह, प्रिस प्रजापति, फिरोज शाह, हरिओम यादव, सुमित सिंह, आशुतोष तिवारी, नितिश कुमार, राहुल यादव, राजन सरोज, जितेन्द्र राय, अखिलेश वर्मा, सोनू यादव, विकास यादव आदि सैकड़ों छात्र मौजूद रहे।

# 15वां एसआर के एफ उत्तर प्रदेश कराटे प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

प्रखर वाराणसी। द सोतोकान रियूक्यू कराटे फेडरेशन उत्तर प्रदेश के तत्वधान में दो दिवसीय 15वां एसआरकेएफ उत्तर प्रदेश कराटे प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 14 से 15 अक्टूबर 2023 आस्था गेस्ट हाउस हॉल सारनाथ वाराणसी में आयोजन किया गया है प्रतियोगिता में राज्य के वाराणसी बलिया प्रयागराज गोरखपुर जौनपुर भदोही चंदौली गाजीपुर लखनऊ मऊ आजमगढ़ मिजार्पुर गाजियाबाद कानपुर रायबरेली 15 जिले के तथा वाराणसी के ऑल स्टाइल कराटे 30 एकेडमी व क्लब के लगभग 500 बालक बालिका खिलाड़ी भाग ले ने की उम्मीद है। उद्घाटन समारोह 1:00 बजे मुख्य अतिथि श्री हंसराज विश्वकर्मा जी विधान परिषद सदस्य उत्तर प्रदेश एवं वाराणसी भाजपा जिला अध्यक्ष एवं विशिष्ट अतिथि गोविंद दास गुप्ता जी के द्वारा किया गया और विजेता खिलाड़ियों को पदक व सर्टिफिकेट वितरण कर सम्मानित किया कार्यक्रम की के अवसर पर आशीष भारद्वाज क्या प्रशिक्षक हर्ष राजभर जयप्रकाश पटेल बालकिशन पटेल मंजय गुप्ता लव रावत सुरेश पाल अनिल मौर्य जयप्रकाश यादव प्रिंस कुमार सलाउद्दीन अंसारी राजू प्रसाद विमलेश सिंह आनंद सिंह आदि खेल प्रेमी उपस्थित थे। दिनांक 15 अक्टूबर 2022 को प्रतियोगिता सुबह 9:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक चलेगी उसके बाद समापन होगा यह जानकारी आयोजन सचिव दिनेश भारद्वाज ने दी।




## संक्षिप्त खबरें

### मिशन शक्ति जागरूकता को लेकर रैली का आयोजन



प्रखर खेतासराय (जौनपुर)। कंपोजिट विद्यालय मनेछा द्वारा मिशन शक्ति जागरूकता को लेकर रैली का आयोजन किया गया यह रैली विद्यालय से लेकर गांव में भ्रमण करते हुए पुन : विद्यालय पर आकर समाप्त हुई विद्यालय परिवार द्वारागांव के लोगों को महिला सशक्तिकरण नारी सम्मान नारी सुरक्षा के बारे में जानकारियां दी गई। इस मौके पर प्रधानाचार्य राम स्वारथ,अध्यापक आनंद सिंह, अजय कुमार यादव, हेमेंद्र प्रताप सिंह, क्षितिज श्रीवास्तव, भास्कर यादव, रीता यादव, दिव्या मौर्य, लोकेश मौर्य,श्वेता जायसवाल तथा विद्यालय के बच्चे मौजूद रहे।

### मिशन शक्ति जागरुकता रैली को डीएम व एसपी द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना




प्रखर जौनपुर। मिशन शक्ति के चतुर्थ चरण विशेष अभियान के अन्तर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा,सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु आगामी शारदीय नवरात्र के पर्व पर महिला पुलिस कर्मियों, डायल-112 तथा महिलाओं द्वारा जागरूकता रैली निकाली गयी। उक्त जागरूकता रैली को जिलाधिकारी अनुज कुमार झा और पुलिस अधीक्षक डा. अजय पाल शर्मा द्वारा हरी झंडी दिखाकर शुभारम्भ/रवाना किया गया। जागरूकता रैली पुलिस लाइन जौनपुर से प्रारम्भ होकर शहर में विभिन्न स्थानों पर होते हुये शाही किला पर समापन हुआ। मिशन शक्ति चतुर्थ चरण के तहत निकाली गयी जागरूकता रैली के माध्यम से बालिकाओं तथा महिलाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन व उनके अधिकारों के सम्बन्ध में जागरूक किया गया। कार्यक्रम में सम्मानित जन-प्रतिनिधिगण व जनपद की सम्मानित जनता उपस्थित रहें।

### सीनियर एडवोकेट लल्लन राय को पब्लिक नोटरी का पूर्वांचल प्रभारी बनाया गया



प्रखर डेस्क। जयप्रकाश नारायण सदस्य बार कॉसिल और अध्यक्ष के द्वारा लल्लन राय सीनियर एडवोकेट पब्लिक नोटरी मोह्हमदाबाद को उनके कार्य को देखते हुए, उन्हें पूर्वांचल का प्रभारी नियुक्त किया है। मोह्हमदाबाद युसूफपुर के वकील समुदाय मे खुशी और उल्लास का माहौल व्याप्त है। इसी को लेकर सम्मान समारोह का आयोजन जल्द करने की घोषणा की गई है। उन्हें बार कौंसिल मोह्हमदाबाद के अध्यक्ष सुभाष यादव, एवं एडवोकेट नारायण दास अग्रवाल, एडवोकेट भानु प्रताप राय, एडवोकेट सी. पी राय, एडवोकेट बिश्वाप्रकाश राय और सचिव सतीश ने मिलकर बधाई दी है।

### लायंस क्लब वाराणसी तुलसी द्वारा 21वां इंस्टालेशन का आयोजन



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। रॉयल रेज़िडेंसी के क्लब हाउस में लायंस क्लब वाराणसी तुलसी का 21वां इंस्टालेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया मुख्य अतिथि लायन बलबीर सिंह बग्गा ( VDG1 ) की नोट स्पीकर लायन प्रकाश जी अग्रवाल तथा इंस्टालेशन अधिकारी लायन दीपक अग्रवाल और Induction Officer लायन नरेंद्र मेहता रहे कार्यक्रम का शुभारंभ ईश वंदना और ध्वज गीत से हुआ नवगठित टीम अध्यक्ष लायन डॉ बीना सिंह, सचिव लायन डॉ रूना मिश्रा, ट्रेजरार लायन डॉ शिप्रा श्रीवास्तव एवं अन्य सदस्यों का शपथ ग्रहण कराया गया` दो नये मेम्बर भी शपथ लिए लायन सुमन चौरासिया और पूजा सिंह मास्टर ऑफ सेरेमनी लायन डॉ. रूना मिश्रा तथा लायन डॉ मनीषा जायसवाल रहीं धन्यवाद लायन वीना पांडेय ने दिया कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगीत से हुआ।

# नबी की शान में शायरों ने पेश किया अपना कलाम



प्रखर खेतासराय (जौनपुर)। सैद गोरारी का ऐतिहासिक जश्ने ईद मिलादुन्नबी का त्यौहार बड़े ही अकीदत के साथ मनाया गया। इस मौके पर पूरे बाजार और क्षेत्र की सभी छोटी-बड़ी मस्जिदों को विद्युत की दूधिया रोशनी से आकर्षक ढंग से सजाया गया था। बच्चों के खेलने के लिए तमाम किस्म की स्टॉल और दुकानें सजी हुई थी। जुलूस अपनी पुरानी परंपरा के अनुसार ईद रहिया तालाब से खलीलपुर गोरारी होता हुआ अपने पुराने मुकाम पर पहुंचा। जुलूस के साथ चल रहे विभिन्न अंजुमनों ने नात पढ़ा और अखाड़े में युवाओं ने अपने फन का करतब दिखाया। जुलूस में अंजुमन गौसिया , अंजुमन मोहम्मदिया, अंजुमन मोईनिशा, अंजुमन फैजाने मुस्तफा ने नबी की शान में नात पढ़ते हुए लोगों का उत्साह बढ़ाया। देर रात तक चले इस भारी भरकम जुलूस और जलसा में हजारों की संख्या में बच्चे बूढ़े नौजवान व आसपास के ग्रामीण शामिल हुए थे। जुलूस का एहतेताम देर रात को हुआ। दो दिवसीय इस ऐतिहासिक जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर 13 अक्टूबर की रात मौलाना मसूउद बरकाती ने उपस्थित जनों को किताब फरमाते हुए नबी के बताए हुए रास्ते पर चलने का आह्वान किया । उन्होंने नमाज के प्रति लोगों को पाबंद रहने पर जोर दिया। जलसे को संबोधित करने वालों में सोहराब कादरी,हामिद रजा, नफीस निजामी सहित आधा दर्जन शायरे इस्लाम ने नात पढ़ी। उन्होंने मुस्लिम समाज के युवा पीढ़ी को मोबाइल जैसी तमाम चीजों से सावधान रहने और इससे होने वाले नुकसान के बारे में भी जागरूक किया। कहा कि नबी के शान में हर अच्छा कार्य करना चाहिए। सैदगोरारी के ऐतिहासिक जश्ने ईद मिलादुन्नबी के कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक मोहम्मद शकील, ग्राम प्रधान, मोहम्मद फरहान, मोहम्मद अहमद, नूर मोहम्मद, मोहम्मद कैफ, मोहम्मद कयामुद्दीन, मोहम्मद अजीम समेत दर्जनों लोग मुख्य रहे।

# कार्यकर्ता ही पार्टी के रीढ़ है इनके बदौलत ही बड़ा से बड़ा मुकाम हासिल किया जा सकता है : विजय राव

प्रखर फाजिलनगर। विकास खंड फाजिलनगर के ग्रामसभा सुमही बुजुर्ग में सुहेल देव भारतीय समाज पार्टी की बैठक हुई। जिसमें आगामी 30 अक्तूबर को होने वाले पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर के कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गई। साथ ही संगठन की मजबूती पर जोर दिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रवक्ता विजय कुमार राव ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी के रीढ़ है इनके बदौलत ही बड़े से बड़े चुनाव जीते जा सकते हैं। उन्होंने आगे बताया हमारी पार्टी गरीब शोषित वंचितों की लड़ाई लड़ती है यह सभी जाति धर्म के अधिकारों की लड़ाई लड़ने वाली पार्टी है। युवा जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार राव ने कहा कि हमें कार्यक्रम को भव्य बनाना है इसके लिए कार्यकर्ता अभी से तैयारियों में जुट जाएं। हमारे राष्ट्रीय नेता जमीन से जुड़ कर काम करते हैं उनके नीतियों को आगे बढ़ाने के लिए हमे भी जागरूक होना पड़ेगा। पथरदेवा विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र राजभर ने कहा कि हमारी पार्टी प्रदेश की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी है। कांग्रेस और बसपा जैसी राष्ट्रीय पार्टियों से हम बहुत आगे निकल चुके हैं। अगर कार्यकर्ता इसी लगन और मेहनत से काम करते रहे तो हमारी पार्टी को राष्ट्रीय पार्टी की दर्जा मिल जायेगी।कार्यक्रम को अखिलेश सिंह, मनीष चंद्र कौशिक, धीरज सिंह राजपूत, अविनाश सिंह, खुशबुद्दीन अंसारी, अतुल पाण्डेय, अनुराग सिंह आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन अवनीश सिंह ने किया। इस दौरान अमित राव, विवेक शर्मा, हैदर अंसारी, विशाल सिंह छोटे, गोपाल गुप्ता, नरेंद्र जायसवाल, रंजित सिंह राजपूत, कार्तिकेय गुप्ता, विकास पटेल सहित ढेरों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# चकिया विधायक कैलाश खरवार ने ग्रूप केन्द्र चन्दौली में सी.आर.पी.एफ.महिला बाइकर दल का किया स्वागत

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। सी.आर. पी. एफ की कुल 50 महिला बाईकर जो 25 मोटरसाइकिलों पर सवार होकर 5 अक्टूबर को शिलांग से अपनी यात्रा पर निकलकर गुवाहाटी, बोंगाईगांव, सिल्लीगुड़ी, कटिहार, मोकामाघाट, गया, औरंगाबाद के रास्ते होते हुए 13 अक्टूबर 2023 शुक्रवार की शाम ग्रुप केन्द्र सी.आर. पी.एफ.चन्दौली पहुंची जहां कैलाश खरवार, एम. एल.ए.चकिया द्वारा महिला बाइकर दल का स्वागत किया गया` यह महिला बाईकर टीम चकिया एवं वाराणसी में विभिन्न कार्यक्रम में शामिल होने के उपरांत 15 अक्टूबर 2023 को इस ग्रुप केन्द्र से ग्रुप केन्द्र प्रयागराज हेतु प्रस्थान करेंगी यह टीम कुल 40 जिलों से गुजरती हुई 3291 किलोमीटर का सफर तय करते हुए 31अक्टूबर 2023 को लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मस्थान, एकता नगर, गुजराज में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय एकता दिवस में शामिल होंगी` इस अभियान का उद्देश्य केन्द्र सरकार द्वारा नारीशक्ति सशक्तिकरण के तहत बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के साथ समन्वित रूप से जनता में जागरूकता को बढ़ावा देना है महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से देश में नागरिकों के बीच बालिकाओं को शोषण से बचाने एवं उन्हे उनके अधिकारों के प्रति शिक्षित करने तथा उन्हे शिक्षा के माध्यम से सामाजिक व वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर बनाने हेतु सी. आर.पी.एफ द्वारा सी.आर.पी.एफ ऑल इंडिया महिला मोटरसाइकिल अभियान - 2023 आयोजित किया जा रहा है जिसे यशस्विनी नाम से सम्बोधित किया गया है` उक्त कार्यक्रम के दौरान राकेश कुमार, पुलिस उप महानिरीक्षक, ग्रुप केन्द्र चन्दौली, श्रीमति प्रीति, अध्यक्षा रीजनल सी.आर. पी.एफ, वाईफ वेलफेयर एसोसियेशन, ग्रुप केन्द्र चन्दौली, डॉ अब्दूल नजर, पु.उ.महा. (चिकित्सा), श्याम सुन्दर, कमाण्डेन्ट अन्य अधिकारी, जवान एवं उनके परिवार के सदस्य तथा 95 बटालियन के प्रवीण सिंह,नितेश सिंह मिडिया के साथ उपस्थित रहे।



# धूमधाम से मनाया गया जश्ने ईद मिलादुन्नबी

प्रखर जौनपुर। पुरानी बाजार स्थित रहमानिया सीरत कमेटी के बैनर तले होने वाले जश्ने ईद मिलादुन्नबी की रौनक देखते ही बन रही थी,चारों ओर रंग बिरंगी झालरों से गली को सजाया गया था, अपने दस्तूर के मुताबिक एक जुलूस बड़ी मस्जिद के पूर्वी गेट से शाम को उठा और अपने कदीमी रास्तों से होता हुआ मल्हनी पड़ाव स्थित मस्जिद के पास जाकर के समाप्त हो गया, रास्ते भर विभिन्न अंजुमन रसूल की शान में नाते पढ़ती रही वहीं विभिन्न अखाड़े अपना करतब भी दिखाते रहे, दूर दराज से आए हुए बच्चों और औरतों ने लगे हुए मेले का लुफ्त उठाया, इस मौके पर उक्त पड़ाव स्थित मस्जिद के सामने एक राष्ट्रीय एकता का भी प्रोग्राम हुआ जिसमें मुख्य अतिथि सपा निवर्तमान जिलाअध्यक्ष डॉ अवध नाथ पाल रहे , वही आए हुए वक्ताओं ने भी अपने-अपने बयान सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के लिए दिया इस मौके पर नेता निखिलेश सिंह ने कहा कि समाज में हमेशा जोड़ने की बात होनी चाहिए सांप्रदायिकता किसी भी मसले का हल नहीं है ,हम सब लोगों को मिलकर साथ में रहना चाहिए और सभी धर्म का सम्मान समानता के साथ करना चाहिए, यही हमारे देश की रीत रही है और यही हम लोगों को हमारे ऋषि मुनियों ने सिखाया है,वही इस मौके पर सपा नेता श्रवण जायसवाल सहित आरिफ हबीब,अकरम जौनपुरी,ने भी अपने-अपने वक्तव्य सीरत ए नबी पर दिए,कार्यक्रम का संचालन साजिद अलीम ने किया।आए हुए मेहमानों का शुक्रिया कमेटी के सदर नासिर जौनपुरी ने किया। कन्वीनर दानिश इकबाल ने कार्यक्रम को सकुशल संपन्न करवाया। इस मौके पर रियाजुल हक,रिजवान अहमद, चांद मोहम्मद, नदीम, इरशाद मंसूरी ,जफर मसूद जफरुल्लाह खान, विजय सिंह बागी,तारिक इकबाल, अब्दुल बारी, इरशाद अनवार खां, मोतीलाल यादव, अखंड भारत यादव, सदर मरकजी सीरत कमेटी शौकत अली मुन्ना राजा, बख्तियार आलम अब्दुल सलाम आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।



# आजादी दिलाने में सुइथाकला के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का अहम योगदान

प्रखर जौनपुर। ब्रिटिश हुकूमत की गुलामी की बेड़ियों के चंगुल,हिंदुस्तानियों पर अंग्रेजों के अन्याय- अत्याचार, उत्पीड़न ,ज्यादती और भारत माता को अंग्रेजी हुकूमत की दासता से आजादी दिलाने के पीछे असंख्य स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों के प्राणों की आहुति की गाथा छिपी हुई है।यद्यपि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और शहीदों के योगदानों को किसी क्षेत्र विशेष तक के लिए सीमित करना समुद्र और उसकी लहरों को कैद करना तथा सीमित करना ही माना जा सकता है।फिलहाल सुइथाकला की धरती ने देश के लिए विदेशी हुकूमत की गुलामी से आजादी दिलाने के लिए भारत मां के सपूतों को जन्म दिया यह पूरे क्षेत्र के लिए अपने आप में गौरव का विषय है। विकासखंड क्षेत्र सुईथाकला में भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशन तथा शाहगंज के विधायक रमेश सिंह की अगुवाई और अध्यक्षता में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉ.उमेश चंद्र तिवारी गुरुजी व खंड विकास अधिकारी सुभाष चंद्र की देखरेख में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और शहीदों के परिजनों को स्मृति चिन्ह अंगवस्त्रम और माल्यार्पण करके भव्य तरीके से सम्मानित किया गया। इससे पूरे क्षेत्र ने अपने आप को गौरवान्वित महसूस किया।अब तक इतिहास के पन्नों में केवल उन्हीं क्रांतिकारी शहीदों और अमर सेनानियों के नाम के उल्लेख मिलते हैं जिन्हें कुछ गिने-चुने लोगों द्वारा गिने-चुने लोगों को ही चिन्हित किया गया और इतिहास के पन्नों में शामिल किया गया परंतु ऐसे लाखों रण बाकुरे, भारत माता के लाल,सुहागिनों के सुहाग, माताओं के सपूत तथा बहनों के भाईयों ने भी अपने प्राणों का उत्सर्ग करके देश को आजाद कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।यह कहना अतिशयोक्ति पूर्ण नहीं होगा कि वर्तमान सरकार में ऐसे गुमनाम और इतिहास के पन्नों से वंचित शहीदों के नाम और उनके अभूतपूर्व योगदान को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के मानसिक पटल पर उनके त्याग और बलिदान तथा ऐतिहासिक योगदान को स्थापित नहीं किया गया। ब्लॉक क्षेत्र के शहीदों ,अमर सेनानियों और उनके परिजनों जिनमें से मुख्य रूप से ऊँचगांव के स्वर्गीय सालिक राम जायसवाल के पौत्र गोपाल जायसवाल, मयारी गांव के स्वर्गीय शीतला दीन तिवारी के पौत्र दीपक तिवारी तथा खेतापुर निवासी स्वर्गीय राम प्रताप वर्मा के पौत्र विनय वर्मा, अशोकपुर खुर्द के जयप्रकाश वर्मा पौत्र स्व. भगौतीदीन वर्मा को विधायक रमेश सिंह तथा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉ. उमेश चंद्र तिवारी गुरुजी की गरिमामयी उपस्थित में अमृत कलश संयोजन कार्यक्रम में ब्लॉक सभागार में सम्मानित किया गया। उपस्थित अधिकारियों -कर्मचारियों ,ग्राम प्रधानों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों, पार्टी के कार्यकताओं और आम नागरिकों के सहयोग से शहीदों के परिजनों का सम्मान समारोह को एक सुंदर रूप दिया गया। उपस्थित सैकड़ो की संख्या में जनसमूह ने उस शानदार और ऐतिहासिक पल को अपनी स्मृति में सहेजा और संजोया। ब्लॉक सभागार भीड़ से खचाखच भरा होने के कारण ब्लॉक परिसर में बाहर लोग कार्यक्रम को सुन रहे थे। आने वाली पीढ़ियां भी इस बात को जानकर अपने आप को धन्य महसूस करेंगी कि इस क्षेत्र से भी शहीदों ने स्वतंत्रता आंदोलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने वाले और बलिवेदी पर अपने आप को न्यौछावर कर दिया था। सेवानिवृत्त सैनिकों को अतिथियों द्वारा मोमेंटो, अंगवस्त्रम भेंट करके तथा माल्यार्पण करके सम्मानित किया गया। मंच पर परिजनों के सम्मानित होने से उनके साथ-साथ पूरे क्षेत्र का सम्मान बढ़ा है इसमें कोई संदेह नहीं।



# अंकित ने रक्त वीरों को मेडल एवं प्रशास्त्र पत्र प्रदान कर किया सम्मानित

प्रखर गोरखपुर। महात्मा गांधी पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज में स्वास्थ्य जांच एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।रक्तदान महादान की युक्ति को आत्मसात करते हुए तमाम छात्र छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।कालेज के समस्त शिक्षक शिविर का हिस्सा बनकर छात्रों का उत्साह वर्धन किया।शिविर में 52 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।100 से भी अधिक छात्र-छात्राओं ने निःशुल्क ब्लड ग्रुप तथा हीमोग्लोबिन जांच की सुविधा का लाभ उठाते हुए अपना जांच कराया।कालेज के प्रबंधक मंकेश्वर नाथ पांडेय तथा कालेज के प्राचार्य प्रो अनिल कुमार सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत व अभिवादन किया।

कार्यक्रम में रोट्रेक्ट क्लब गोरखपुर के संस्थापक सचिव समाजसेवी अंकित मिश्रा राष्ट्रवादी ने रक्तदान करने वाले रक्तवीरों को प्रशस्ति पत्र और मेडल प्रदान किया।इस कार्यक्रम के दौरान रोटरी क्लब गोरखपुर के सचिव रोटेरियन आशीष दास तथा रोटरी क्लब ऑफ गोरखपुर युगल के अध्यक्ष रोटेरियन सचिन मित्तल एवं सचिव डॉ प्रियंका श्रीवास्तव की उपस्थिति रही।साथ ही साथ इनरव्हील क्लब के अध्यक्ष पूर्वी नारायण मौजूद रही।कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यक्रम संयोजक डॉ अनीता कुमारी डॉ प्रियंका श्रीवास्तव डॉ शक्ति सिंह डॉ मधुलिका श्रीवास्तव डॉ क्षमता श्रीवास्तव शुभम मिश्रा डॉ संगीता त्रिपाठी डॉ प्रज्ञा रोटरेक्ट क्लब एमजीपी के अध्यक्ष रोट्रेक्टर उज्जवल पांडेय एवं सचिव रोट्रेक्टर युवराज राय व उनकी टीम रोटरेक्ट क्लब गोरखपुर के अध्यक्ष शंभू शर्मा सचिव शिवम गुप्ता सिद्धि पांडेय हर्षिता राय अनुराग त्रिपाठी प्रियांशु केडिया गोरखपुर चेरिटेबल ट्रस्ट ब्लड बैंक के अरविंद डॉ रवि प्रकाश त्रिपाठी डॉ बृजेश कुमार गुप्ता डॉ ए बी सिंह आदि का योगदान रहा।



प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस'
सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं